ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 6, अंक 194, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत 12

बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष 14

# अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20% आरक्षण

## पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा कोटा

- आयु में तीन वर्ष की छूट के साथ सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी समेत सभी वर्गों पर लागू
- अग्निवीरों को इतने आरक्षण की व्यवस्था देने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे।

इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर बड़ा उदाहरण पेश किया है।

इस निर्णय की जानकारी लोकभवन में पत्रकारों से साझा करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।



**पासिंग आउट परेड :** 197 अग्निवीर जवानों ने 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। मंगलवार को वाराणसी के गोरखा ट्रेनिंग सेंटर में सभी ने कर्तव्य पालन की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में जवानों के कदमताल से ट्रेनिंग कैंपस गूंज उठा।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति
- तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति
- दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति का लाभ प्रदान करने को मंजूरी
- नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत
- एक जिला-एक उत्पाद योजना की नई नीति 2.0 को मंजूरी मिली
- शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने को अर्बन ग्रीन नीति पर मुहर

## अपने घर को बना सकेंगे पर्यटकों के लिए स्टे होम, योजना स्वीकृत

**लखनऊ।** अगर आपका वन रूम सेट फ्लैट या मकान खाली पड़ा है तो इसे आप पर्यटकों के लिए स्टे होम बनाकर मुनाफा कमा सकते हैं। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंगलवार को जिस नीति को हरी झंडी दिखाई है उसके तहत अब धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 750 रुपये तक जबकि शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कैबिनेट में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। पर्यटक लगातार 7 दिन तक यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल कराना होगा। अनुमति डीएम और एसपी-एसएसपी की अगुवाई वाली कमेटी देगी।

## पाकिस्तान ने आठ घंटे में ही टेक दिए थे घुटने

पुणे, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में संबोधन में जनरल चौहान ने यह बात स्वीकार करने के लिए हो रही अपनी आलोचना को खारिज किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में भारत ने बड़ी संख्या में लड़ाकू जेट विमान खो दिए। उन्होंने कहा कि जब मुझसे हमारी क्षति के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। कहा कि नुकसान नहीं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं।



- सीडीएस चौहान बोले-नुकसान नहीं बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण

जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए। संघर्ष विराम पर कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटे तक जवाबी कार्रवाई करने की योजना बनाई थी, जो आठ घंटे में ही धराशायी हो गई। भारत के हमलों के चलते पाकिस्तानी पक्ष ने बातचीत की इच्छा जताई। चौहान ने कहा कि 10 मई की रात करीब एक बजे पाकिस्तान ने 48 घंटे में भारत को शिकस्त देने का लक्ष्य बनाया और हमले किए।

### एक नजर

#### संसद के विशेष सत्र की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिन्दूर या आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की कोई संभावना नहीं है, अलबत्ता अगले माह शुरू होने वाले मानसून सत्र में इन दोनों विषयों पर किसी स्वरूप में चर्चा हो सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार संसद का मानसून सत्र, आगामी आठ या 10 जुलाई से शुरू हो कर अगस्त मध्य तक चलने की संभावना है। मानसून सत्र में करीब एक माह का समय रह गया है। इसलिए ऑपरेशन सिन्दूर हो या आपातकाल के 50 वर्ष, अलग से सत्र बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

#### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

#### ओडिशा में विस्फोटकों के गोदामों पर छापा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस ने मंगलवार को तीन जिलों में विस्फोटकों के गोदामों पर छापेमारी कर विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2.5 टन से अधिक विस्फोटक बरामद किया था।

## अब मतदान खत्म होते ही अपडेट करना होगा डाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने बनाई आंकड़े अपडेट करने की नई व्यवस्था
- बिहार विधानसभा चुनाव के साथ शुरू की जाएगी यह प्रक्रिया

चुनाव आयोग मतदान के आंकड़े अद्यतन करने की एक नई व्यवस्था करने जा रहा है जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र का पीठासीन अधिकारी (पीआरओ) को मतदान बंद होने के बाद तुरंत, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले मतदान के आंकड़े आयोग के एकीकृत डिजिटल ऐप ईसीआईएनईटी में दर्ज करना होगा, ताकि क्षेत्र-वार मतदान प्रतिशत की सूचना में विलम्ब कम से कम हो।

यह व्यवस्था बिहार विधानसभा चुनाव के साथ शुरू की जाएगी। बिहार में अक्टूबर में चुनाव कराए जाने हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोग का यह निर्णय आखिरी दो घंटों के मतदान प्रतिशत को जारी होने में विलम्ब को लेकर पार्टियों और प्रत्याशियों द्वारा प्रायः उठाए जाने वाले सवालों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण फैसला है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि अभी तक पीठासीन अधिकारी ईवीएम जमा कराने के बाद अंतिम आंकड़े अपडेट करते हैं।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

## बाघ ने ली एक और जान, भड़के ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- हजारा क्षेत्र में हुई घटना, घर से पानी लेने निकली थी महिला

**अमृत विचार :** जंगल से आबादी क्षेत्र में निकले एक बाघ में महिला को निवाला बना लिया। महिला पानी लेने के लिए घर के बाहर निकली थी। सूचना पर हजारा पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव बरामद कर लिया है। ग्रामीण आए दिन होने वाली घटना को लेकर आक्रोशित दिखे। पुलिस उन्हें शांत कराती रही।

घटना मंगलवार देर शाम की है। हजारा थाना क्षेत्र के गांव शांतिनगर के रहने वाले राम किशोर खेती करते हैं। उन्होंने खेत में ही घर बना रखा है और वहीं परिवार के साथ रहते हैं। बताते हैं कि देर शाम उनकी पत्नी 40 वर्षीय रेशमा देवी घर के बाहर पानी भरने गई थीं। नजदीक में ही सम्पूर्णानगर का जंगल है। वहां से निकले बाघ ने महिला पर हमला कर दिया और जान ले ली। शोर पर ग्रामीण जमा हुए और सूचना पुलिस , वन विभाग को दी। हजारा पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब तक भीड़ जमा हो चुकी थी और आक्रोशित थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

> बाघ के हमले में एक महिला की मौत हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर गए। मृतका शांतिनगर की रेशमा देवी है। आगे की कारवाई कराई जा रही है।
> **- सिद्धार्थ उपाध्याय**, एसओ, हजारा

### घर में सो रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

**बहराइच।** बहराइच जिले में महसी तहसील के गदामार कलां गांव में घर में सो रहे दो वर्षीय बच्चे को भेड़िया उठाकर ले गया, जिसका क्षत-विक्षत शव मंगलवार सुबह एक खेत से बरामद हुआ है। मृत बच्चे की मां खुशबू ने बताया कि सोमवार की रात दो साल के आयुष एवं बेटी के साथ हम लोग घर के बरामदे में सोए हुए थे, तभी भेड़िए बच्चे को उठा ले गए। सुबह गन्ने के खेत में आयुष का शव मिला। मृत बच्चे के पिता प्रमोद ने बताया कि भेड़िए ने बच्चे के दोनों हाथ एवं एक पैर खा लिए हैं। वन विभाग को ड्रोन कैमरे में दो सियारों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं, जबकि माता-पिता का दावा है कि तीन भेड़िए आकर बच्चे को घर से उठाकर ले गए। यह मामला उसी इलाके का है जहां गत वर्ष भेड़िए के हमले का प्रकोप था।

### 300 मीटर खींचकर ले गया जंगल के अंदर

बताते हैं कि महिला पर हमला करने के बाद बाघ उसके शव को करीब तीन सौ मीटर तक खींचकर जंगल के भीतर ले गया। ग्रामीण इसे लेकर आक्रोशित रहे। गुस्सा तब और बढ़ गया, जब वन विभाग ने सुध नहीं ली। इसे लेकर नाराजगी जताई और आए दिन होने वाले वन्य जीव के हमले पर व्यवस्था और दावों पर सवाल उठाते रहे। इसे लेकर पुलिस को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी।

## सशस्त्र बल कर्मियों की गोपनीयता बनाए रखें

- मीडिया कवरेज पर रक्षा मंत्रालय ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है।

मीडिया की भागीदारी जनता को सूचित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की बेहतर समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं। बयान में कहा गया कि मंत्रालय के ध्यान में आया है कि पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

## नीट-पीजी परीक्षा 2025 तीन अगस्त को कराने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी अनुमति

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नीट-पीजी, 2025 परीक्षा को 15 जून की जगह शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी है।

एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह परीक्षा को सुबह नौ बजे से अपराह्न 12:30 बजे के बीच आयोजित करेगा। एनबीई की याचिका में अन्य बातों के अलावा शीर्ष अदालत से नीट-पीजी 2025 को तीन अगस्त को निर्धारित करने की अनुमति मांगी गई है, जो इसके प्रौद्योगिकी साझेदार यानी 'मेसर्स टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड' (टीसीएस) द्वारा दी गई सबसे पहले उपलब्ध तिथि है। याचिका में न्यायालय द्वारा 30 मई, 2025 के आदेश द्वारा पारित निर्देशों के अनुसार परीक्षा आयोजित करने का हवाला दिया गया है।

याचिका में कहा गया है कि एनबीई ने पहले 15 जून को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) को स्थगित करने का फैसला किया था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे दो पाली के बजाय एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश दिया था। 30 मई को सुप्रीम कोर्ट ने दो पाली में परीक्षा आयोजित करने की राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) के निर्णय की आलोचना की थी।

### आईपीएल के नए चैंपियन



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल-2025 का फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार, विराट कोहली और अन्य खिलाड़ी। बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रनों के अंतर से हराकर 18 साल बाद लीग का खिताब अपने नाम किया है। उसे यह सफलता 18 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली। • एजेंसी

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट में करेंगे सरकार के मामलों की पैरवी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने प्रदेश के महाधिवक्ता के साथ-साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्तागण अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ अधिवक्तागण दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन शामिल हैं। जबकि लखनऊ के लिए अधिवकतागण अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को बतौर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

## अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

### राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।



ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

# पीलीभीत में आज पहुंचेंगी राज्यपाल, एक दिन पूर्व दौड़ती रहीं गाड़ियां

## दो दिवसीय कार्यक्रम को डीएम ने 30 मजिस्ट्रेटों को सौंपी जिम्मेदारी, मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में डीएम-एसपी ने बैठक कर दिया तैयारियों को अंतिम रूप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो दिवसीय दौरे पर सुबह 10 बजे जनपद में पहुंच जाएंगी। राज्यपाल के आगमन से एक दिन पूर्व दिनभर तैयारी चलती रही। अफसरों की गाड़ियां तैयारियों का जायजा लेने के लिए दिन भर दौड़ती रहीं। सुरक्षा एजेंसियां ने भी पहुंचकर मुस्तफाबाद गेस्टहाउस आदि की स्थिति परखी। शहर में तीन बार फ्लीट रिहर्सल हुआ। वहीं शाम को मुस्तफाबाद में ही डीएम-एसपी की अध्यक्षता में बैठक हुई और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। राज्यपाल बुधवार रात मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में ठहरेंगी।

प्रशासन को चार दिन पूर्व ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दौरे की जानकारी हो गई थी। राजभवन से मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी होने के बाद सरकारी अमला तैयारियों में जुट गया। राज्यपाल का काफिला 4 जून को सुबह 10 बजे पीलीभीत पहुंचेगगा। यहां से राज्यपाल जिला कारागार, गांधी सभागार में जिला प्रशासन के साथ बैठक के बाद मुस्तफाबाद गेस्टहाउस जाएंगी। बुधवार को ही चूका बीच पहुंचेंगी और वापस आकर मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। अगले दिन यानी 5 जून को मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर में आंगनबाड़ी वर्करों को किट वितरण के साथ अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद दोपहर में पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंचकर लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगी। राज्यपाल के आगमन को लेकर पीडब्ल्यूडी एवं मुस्तफाबाद गेस्टहाउस को रंग-रोगन कर चमकाया गया है। राज्यपाल के रूट वाले मार्गों की साफ-सफाई करने के साथ पुल और नहरों की पटरियों को दुरुस्त कर नया रूप दिया गया। वहीं मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर में नई इंटरलॉकिंग सड़क भी बनाई गई। पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर हरदोई ब्रांच नहर के बाएं किनारे पर बड़ी संख्या में मजदूरों को लगाकर सड़क को दुरुस्त किया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों ने भी चूका बीच और मुस्तफाबाद गेस्टहाउस आदि पहुंचकर पड़ताल की।

इधर, राज्यपाल के आगमन से एक दिन पूर्व तैयारियों में जुटे अफसरों की गाड़ियां दिन भी सड़कों पर दौड़ती देखी गईं। वहीं मंगलवार को पुलिस लाइन से पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस तक तीन बार फ्लीट रिहर्सल भी किया गया। राज्यपाल के मिनट टू मिनट कार्यक्रम को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस, जिला कारागार, गांधी सभागार, मुस्तफाबाद गेस्टहाउस, चूका बीच एवं 5 जून को मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में होने वाले कार्यक्रम को लेकर 30 मजिस्ट्रेट तैनात किए है। सभी अफसरों को तय कार्यक्रम के मुताबिक ड्यूटी स्थल आवंटित किए गए हैं। सभी अफसर अपने ड्यूटी स्थल पर प तैनात रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुस्तफाबाद में होने वाले सभी कार्यक्रम का प्रभारी सीडीओ एवं एडीएम न्यायिक को बनाया गया है।


मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में अफसरों संग बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार


मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर में तैयारियों में जुटे अधिकारी।


चमकाया गया मुस्तफाबाद गेस्टहाउस।

### तीन सेफ हाउस बने, जनपद के अलावा गैर जनपदों से बुलाए डॉक्टर

जनपद में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आगमन को लेकर तीन सेफ हाउस बनाए गए हैं। तीनों सेफ हाउस में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आवश्यक संसाधनों के साथ उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा एक टीम और एएलएस एंबुलेंस फ्लीट के साथ 24 घंटे तैनात रहेगी। राज्यपाल के प्रोटोकॉल के मद्देनजर शाहजहांपुर, बरेली और बदायूं के चिकित्सकों को बुलाया गया है, जिनकी ड्यूटी अलग-अलग टीम में लगाई जाएगी। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोटांडा और मुस्तफाबाद गेस्टहाउस बनाए गए हैं।

### ये है राज्यपाल का आज का कार्यक्रम

**10.00 बजे:** राज्यपाल पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस पहुंचेंगी। **10.15 बजे :** राज्यपाल जिला कारागार रवाना होंगी। **10.55 बजे:** कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक के लिए प्रस्थान करेंगी। **12.15 बजे :** गांधी सभागार से मुस्तफाबाद गेस्टहाउस के लिए रवाना होंगी। **05.00 बजे :** पीटीआर के चूका बीच के लिए प्रस्थान करेंगी।

### मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में बैठक कर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

राज्यपाल के दो दिवसीय दौरे को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं एसपी अभिषेक यादव ने मंगलवार को मुस्तफाबाद गेस्टहाउस पहुंचकर नामित मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस दौरान डीएम ने रूट प्लान, पुलिस व्यवस्था, मुस्तफाबाद गेस्टहाउस की तैयारियों, गांधी सभागार में प्रस्तावित बैठक, जिला कारागार कार्यक्रम व साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर को मुस्तफाबाद गेस्टहाउस एवं चूका बीच में सभी आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त रखने को निर्देशित किया। अभिहित अधिकारी से खाद्य पदार्थों की चेकिंग के लिए कुशल टीम के बारे में जानकारी ली। जिला पंचायत राज अधिकारी को समुचित साफ सफाई व्यवस्था रखने को निर्देशित किया गया। बैठक में सीडीओ केके सिंह, एएसपी विक्रम दहिया, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर मनीष सिंह, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया समेत सभी उप जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पति समेत चार पर मारपीट और गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पैनिया रामकिशन निवासी रेशमा देवी पत्नी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति अनिल कुमार, ससुर श्याम चरन, सास आशा देवी, देवर रकुल आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हैं। उसका आरोप है कि पति, ससुर व देवर नशा अधिक करते हैं। 1 जून की रात 11 बजे आरोपियों ने मारपीट की। पीड़िता ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पुरानी रंजिश में मां-बेटी को पीटा, रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में एक किशारी की पिटाई कीर गई। शिकायत करने गई उसकी मां को भी आरोपियों ने पीटा। गांव सोंधा गौटिया निवासी रामचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री सरला देवी आम के बाग से खेलकर घर लौट रही थी। इस बीच पुरानी रंजिश के चलते गांव के जितेंद्र पुत्र महिपाल ने पुत्री के पैर में डंडा मार दिया। जब इसकी शिकायत लेकर उनकी पत्नी राजेश्वरी देवी आरोपी के घर गई तो उसकी भी पिटाई कर दी गई। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है।

# सुनगढ़ी से गौहनिया चौराहा की तरफ नहीं मिलेगा प्रवेश

- सुबह 8 बजे से नियम लागू हो जाएगा, जिसका पालन कराने के लिए पुलिस बल रहेगा तैनात
- राज्यपाल के आगमन पर सख्त सुरक्षा, कई मार्गों पर रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पुलिस ने खाका तैयार कर लिया है। इसके लिए सख्त सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। गांधी स्टेडियम रोड, टनकपुर हाईवे समेत कई मार्गों पर आवाजाही बंद रहेगी। इसके लेकर रूट डायवर्ट किया गया है, जो आज सुबह 6 बजे से लागू कर दिया जाएगा।

शहर के भीतर की बात करें तो सुबह 8 बजे से नियम लागू हो जाएगा, जिसका पालन कराने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। आवास विकास से नकटादाना, विद्या मंदिर चौराहा की तरफ वाहन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। बिजली घर तिराहे से ठेका चौकी तरफ वाहन को प्रवेश नहीं मिलेगा। सुनगढ़ी चौराहा से गौहनिया चौराहा, गन्ना तिराहा से गौहनिया चौराहा, वाले मियां मजार से नकटादाना चौराहा, ठेका चौकी से नेहरू पार्क, बेनहर स्कूल की तरफ से विद्या मंदिर चौराहा, पुष्प इंस्टीट्यूट के पास रेलवे लाइन से सिविल लाइन चौकी की तरफ, बेनहर गुरुकुल से कचहरी की तरफ, महाकालेश्वर मंदिर के सामने दियूनी केसरवपुर गांव की तरफ से शहर को आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उधर, बैरियर स्थानों पर वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए भी पुख्ता व्यवस्था की गई है। बरखेड़ा से पीलीभीत की तरफ आने वाले भारी वाहनों को सुबह आठ बजे से जिरौनिया चौकी पर प्रतिबंधित किया जाएगा। छोटे वाहनों को मोदी मिल पर रोका जाएगा। बरेली व जहानाबाद की तरफ से पीलीभीत की तरफ आने वाले छोटे वाहन जेएमबी तिराहा पर रोके जाएंगे। टनकपुर, न्यूरिया की तरफ से पीलीभीत की तरफ आने वाले सभी छोटे वाहन गत्ता फैक्ट्री पर प्रतिबंधित किए जाएंगे।


टनकपुर हाईवे पर गुजरते राहगीर। ● अमृत विचार

### शहर से न्यूरिया जाना है तो ऐसे जाएं

शहर से न्यूरिया, टनकपुर जाने वाले वाहनों को दूसरे रूट से निकाला जाएगा। ईदगाह तिराहा से एकता सरोवर, बरेली गेट, बड़ा गुरुद्वारा, कोतवाली तिराहा से खकरा चौकी होते हुए धनकुना की चौकी तरफ निकाला जाएगा। वहीं से वाहन टनकपुर हाईवे पर पहुंचेंगे। इसी तरह से टनकपुर की तरफ से आसने वाले वाहन धनकुना चौकी से प्रवेश कर इन्हीं रास्तों से होते हुए ईदगाह तिराहे पर भेजे जाएंगे। असम चौराहा से शहर की तरफ आने वाले वाहन टाइगर तिराहा से ईदगाह क्रासिंग, एकता सरोवर होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे।

### कोई दिक्कत आए तो ये नंबर लगाएं

**यातायात हेल्पलाइन नंबर :**
905870633058, 9410870007
**यातायात प्रभारी राघवेंद्र सिंह :**
9454404104

### लखीमपुर, पूरनपुर की तरफ से टनकपुर जाने वालों का ये रहेगा रूट

लखीमपुर, पूरनपुर की तरफ से टनकपुर जाने वालों का भी रूट तय रहेगा। गजरौला से माला, रिछौला चौकी से कल्यानपुर नौगवां नहर किलनारे रोड से मैथी सैदुल्लागंज होते हुए बिथरा होकर टनकपुर हाईवे पर पहुंचाए जाएंगे। वहीं, खटीमा मझोला से बरेली की तरफ जासने वाले वाहन मझोला चौकी से बिरहीनी चौकी, सितारगंज रोड से कस्बा अमिरया, जलहानाबाद होते हुए ललौरीखेड़ा बाईपास होते हुए बरेली रोड पर जा सकेंगे। बरेलीर से पूरनपुर लखीमपुर की तरफ जाने वाले वाहन नवाबगंज से बरखेड़ा, बीसलपुर, बिलसंडा होते हुए खुटार जाएंगे। पूरनपुर से बरेली की तरफ जाने वाले वाहन गजरौला से बरखेड़ा होते हुए नवाबगंज मार्ग पर गुजरेंगे।

# राज्यपाल को काफिले में कहीं बाधा न खड़ी कर दें छुट्टा पशु, सक्रिय हुआ प्रशासन

- सीवीओ ने आवागमन वाले मार्ग पर 28 पशु चिकित्सकों समेत स्टाफ की लगाई ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के दो दिवसीय कार्यक्रम में कहीं सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु कोई मुसीबत न खड़ी कर दें, इसको लेकर पशु पालन विभाग खासा सक्रिय हुआ है। जनपद सीमा के गांव कंजरी निरंजनपुर से लेकर असम चौराहा तक एवं पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस से लेकर कलेक्ट्रेट तथा कलेक्ट्रेट से लेकर पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग और मुस्तफाबाद गेस्टहाउस तक 28 पशु चिकित्सकों ओर पशुधन प्रसार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राज्यपाल 4 जून को दुधवा टाइगर रिजर्व से वाया कार असम-बस्ती मार्ग होते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस पहुंचेगी। वहीं पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस से कलेक्ट्रेट जाएंगी। इसके बाद कलेक्ट्रेट से पीलीभीत-माधोटांडा रोड होते हुए मुस्तफाबाद गेस्टहाउस पहुंचेंगी।

इन मार्गों से गुजरने के दौरान राज्यपाल के काफिले के आगे कहीं छुट्टा पशु पहुंचकर कोई मुसीबत न खड़ी कर दें, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पीके त्यागी ने असम-बस्ती हाईवे पर जनपद सीमा से लेकर पूरे रूट पर 28 पशु चिकित्सकों, पशुधन प्रसार अधिकारियों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इन सभी को निर्देशित किया गया कि 5 जून तक आवागमन मार्ग पर कोई भी निराश्रित गोवंश न पाया जाए, जिससे आवागमन में कोई बाधा पैदा हो। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी समेत सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को अपने वाहनों एवं टीम के साथ संबंधित रूट पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

## शिकायत निस्तारण में मिला प्रथम स्थान

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पुलिस कार्यालय और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में मई माह की रैंकिंग जारी होने पर पीलीभीत पुलिस को प्रथम स्थान मिला है। खास बात है कि समस्त 17 थानों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा और प्रथम स्थान पर रहे। दस बिंदुओं पर काम करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने में सहायता मिली। बीसलपुर, जहानाबाद, बरखेड़ा, सुनगढ़ी, गजरौला, कोतवाली, महिला थाना, माधोटांडा, हजारा, बिलसंडा, सेहरामऊ उत्तरी, घुंघचिहाई, करेली, पूरनपुर, न्यूरिया, अमरिया, दियोरियाकलां थानों को शत प्रतिशत अंक मिले।

## स्काउड गाइड को कराया चूका का भ्रमण




**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड के जिला मुख्यायुक्त/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के निर्देशन में स्काउट गाइड को जंगल भ्रमण के लिए चूका बीच और जंगल सफारी का भ्रमण कराया गया। स्काउट भवन से बस को झंडी दिखाकर जिला मुख्यायुक्त ने स्काउट गाइड को रवाना कराया। जंगल भ्रमण में स्काउट गाइड ने प्राकृतिक ज्ञान, विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी देखे और नदियों के बारे में जानकारी की। इस मौके पर जिला सचिव संतोष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना, जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह, गाइड कैप्टन परिणीता सिन्हा, प्रशिक्षक योगेश कुमार, अभिषेक प्रजापति, सचिन पटेल, स्काउट अरुण, कृष्ण, प्रखर, मनोज, गाइड शिवानी, प्रतिक्षा आदि मौजूद रहे।

## गोष्ठी में योग के लाभ बताए

**बीसलपुर, अमृत विचार :** शफ़ी डिग्री कॉलेज में योग की भूमिका को लेकर गोष्ठी कराई गई। इसका विषय योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ रहा। कार्यक्रम में प्रवक्ताओं और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। परिचर्चा के दौरान प्रशिक्षुओं ने योग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्रशिक्षु पवनदीप कौर ने बताया कि योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। प्रशिक्षु रजत ने बताया कि वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम पर योग का महत्व और भी बढ़ जाता है। हम अपने ग्रह के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझ सकते हैं और इसके संरक्षण के लिए काम कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ.राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस परिचर्चा ने योग की भूमिका और इसके महत्व को समझने में मदद की और छात्रों और प्रवक्ताओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जेठ के चौथे मंगलवार पर पूजन के साथ ही दिखा सेवाभाव

- शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में दिनभर गूंजते रहे जयकारे, भंडारे और प्याऊ की चली सेवा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को जिलेभर में मंदिर से सड़क तक भक्तिमय वातावरण बना रहा। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक मंदिरों में भक्त पूजा अर्चना को पहुंचते रहे। भंडारे और प्याऊ लगाकर सेवा की गई। शाम को मंदिरों में भजन संध्या चली। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ किए गए।

हनुमान मंदिरों में सजावट की गई। गौरीशंकर मंदिर में पंडित जय शंकर शर्मा ने पूजा अर्चना कर बाबा को चोला चढ़ाया। हनुमान चालीसा का पाठ और सुंदरकांड हुआ। भक्त झंडे और नारियल लेकर मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। दिन भर पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। ब्रहचारी घाट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। यहां भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

शहर के चावला चौराहा स्थित पाकड़नाथ में पूजन और भंडारा हुआ। काशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित श्रीब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में महंत सेवक विशाल की ओर से श्रद्धालुओं के साथ बाबा को चोला चढ़ाया गया। बाबा का अद्भुत श्रृंगार किया गया। दरबार से जुड़े लोगों ने दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना की। देर शाम तक भजन संध्या चली। बजरंग बली के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठे। आरती के बाद श्रद्धालुओं को बाबा के भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रवि, मुकेश प्रजापति, अंशु, विकास, अर्जुन, मोहित समेत कई भक्त सेवा कार्य में लगे रहे। मंदिर गेट पर शीतल शरबत बांटा गया। मोहल्ला दुर्गाप्रसाद स्थित बालाजी मंदिर में भव्य दरबार सजाया गया। जिसमें दूर दराज से भक्त शामिल हुए। सागर वशिष्ठ और अमोल वशिष्ठ ने सुंदर भजन गाए। गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी बड़े मंगल पर पंचमुखी बाबा को श्रद्धालुओं ने भोग लगाते हुए चोला चढ़ाया। मंदिर परिसर को भव्य रूप देकर सजाया गया था और दिनभर भंडारा चला।


पंचमुखी हनुमान मंदिर में बाबा की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु।


नकटादाना चौराहा के पास राहगीरों को किया जाता शरबत वितरण।

### हाईवे से लेकर गलियों तक दिखा सेवाभाव

शहर में हाईवे से लेकर सड़कों तक सेवा भाव देखने को मिला। शरबत, पूड़ी-सब्जी समेत अन्य चीजों के भंडारे किए गए। पंचमुखी हनुमान मंदिर, गौहनिया चौराहा, छतरी चौराहा, चावला चौराहा, जेपी रोड समेत विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने प्याऊ और शरबत वितरण किया। प्रेस क्लब पीलीभीत की ओर से बड़े मंगल और शाहजी मियां दरगाह के उर्स के मौके पर नकटादाना चौराहा पर मीठे शीतल शरबत का प्याऊ लगाया गया, जोकि देर शाम तक चला। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र भी पहुंचे और सेवा की। संरक्षक तारिक कुरैशी, अध्यक्ष डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, महामंत्री वैभव शुक्ला, सौरभ सिंह, सुनील यादव, गिरजाशंकर त्रिवेदी, विक्रांत शर्मा, सुमित सक्सेना, मोहम्मद परवेज, सतेंद्र गंगवार, मुनिराज सिंह, शुभम मिश्रा आदि मौजूद रहे। इसके अलावा रामू, कृष्णा समेत अन्य स्थानीय लोगों ने भी इसमें सेवा की। नगर पालिका की ओर से भी इस दौरान पानी के टैंक और साफ सफाई को लेकर व्यवस्था की गई।

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH

Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)




## शहर में आज

- अग्रवाल सभा भवन में श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से विशाल निशान यात्रा सुबह 8.30 बजे।
- कस्बा घुंघचिहाई में मंडी स्थल पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा दोपहर 1 बजे।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का जनपद आगमन सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### पति समेत चार पर मारपीट की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के ग्राम पैनिया रामकिशन के निवासी रेशमा देवी पत्नी अनिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति, ससुर, सास, देवर आए दिन गाली गलौज करते हैं। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। 1 जून की रात 11 बजे सभी आरोपियों ने बेवजह पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 जनू की रात गावं का ही रिंकू उनकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी बेटी का पता नहीं लग सका है। पुत्री को ले जाने में आरोपी के पिता और भाई ने भी सहयोग किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्रामीण पर किया हमला

**माधोटांडा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी शिवनाथ सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक जून की शाम साढ़े 7 बजे वह मकान के बाहर बैठे थे। इस बीच नशे की हालत में एक व्यक्ति ने गाली गलौज करता निकला। इससे नाराज पड़ोस के रहने वाले सियाराम ने अपने पुत्र वीरपाल और छत्रपाल के साथ मिलकर पीड़ित से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी।

# मायके जा रही विवाहिता की पति ने बांके से की हत्या

## घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम जल्लूपुर में दिनदहाड़े हुई वारदात, पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुटी

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचारः** पति से हुए विवाद के बाद अपनी मां के साथ मायके जा रही विवाहिता की हत्या कर दी गई। आरोप है कि पति और देवर ने रास्ते में घेरकर बांके से वार कर दिए। इसके बाद भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार से कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी गई है।

मूल रूप से बरखेड़ा थाना क्षेत्र के पतरसिया गांव की रहने वाली नन्ही देवी (38) की शादी घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम जल्लूपुर के रहने वाले अखिलेश मिश्रा से करीब 17 साल पहले हुई थी। उसके चार बच्चे काजल (16), दामिनी (15), आनंद (12) और आदेश (10) हैं। बताते हैं कि सोमवार को दंपती के बीच झगड़ा हो गया था, जिसके बाद विवाहिता ने मायके वालों को कॉल कर दी थी। जिस पर मंगलवार को विवाहिता नन्ही देवी की मां अनीता उसकी सुसराल पहुंची और बातचीत की, मगर दंपती के बीच विवाद की सुलह नहीं हो सकी। इस पर नन्हीं देवी अपनी मां अनीता के साथ मायके जा रही थी। आरोप है कि पीछे से पति और देवर आ गए। इसके बाद धारदार हथियार से नन्हीं देवी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही बेसुध होकर गिर गई। उसे मरा समझकर दोनों आरोपी भाग गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर घुंघचिहाई पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



हत्यारोपी अखिलेश मिश्रा के मकान के बाहर सन्नाटा। ● अमृत विचार



घटनास्थल पर पड़ी मृतका की चप्पलें।

> एक महिला की हत्या का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच चल रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई कराई जाएगी।
> –**प्रकाश सिंह**, इंस्पेक्टर, घुंघचिहाई

### भाई जैसे ही पहुंचा, घटना कर भाग चुके थे आरोपी

हत्यारोपी पति अखिलेश मिश्रा निजी बस चालक है। वह दो साल से दिल्ली में काम कर रहा है। बताते हैं कि जब घटना हुई। नन्हीं देवी का भाई ईको लेकर मौके पर पहुंच गया था। उसने आरोपियों को बहन पर हमला करते हुए देखा तो होश उड़ गए। बचाने के लिए उतरा था कि आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग गए।

### घटनास्थल पर पड़ी चप्पल और खून के मिले निशान

महिला की हत्या किए जाने की सूचना पर पुलिस मौका मुआयना कर रही थी। मौके पर महिला की चप्पलें और खून के निशान मिले। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एक्सपर्ट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। दिनदहाड़े हुई घटना को लेकर खलबली मची रही। ग्रामीण इसे लेकर चर्चा करते रहे। पुलिस ने बच्चों से भी संपर्क साधा, जिसमें बताते हैं कि बच्चों ने भी एक दिन पूर्व दंपती के बीच झगड़ा होने की बात बताई।

# दुष्कर्म पीड़िता की बरेली ले जाते वक्त चली गई जान

- घर से लेजाकर दूध में जहर मिलाकर पिलाने का है आरोप
- पुलिस एक आरोपी को किया गिरफ्तार, जांच में जुटी

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** दूध में जहरीला पदार्थ मिलाकर किशोरी को पिला दिया गया था। हालत बिगड़ने पर बरेली ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। बरेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इधर, किशोरी के भाई की तहरीर पर बरखेड़ा पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बहन को 2 जून की सुबह करीब 8 बजे सूरज जबरन स्कूटी पर बैठाकर ले गया। उस वक्त परिवार के सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे। इसके बाद सूरज की मां से बातचीत कराने के नाम पर बरखेड़ा रेलवे स्टेशन ले गए। आरोप है कि सूरज की मां ने दूध में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। दूध पीते ही बहन की तबीयत बिगड़ गई। पेट में तेज दर्द होने लगा। पुलिस ने बहन को सीएचसी बरखेड़ा भर्ती कराया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिवार ने ये भी आरोप लगाए कि आरोपी सूरज 27 मई को अपने एक अन्य साथी की मदद से घर ले गया और दुष्कर्म किया था। उधर, मेडिकल कॉलेज में भी हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। इस पर परिजन किशोरी को बरेली ले जा रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गई। एंबुलेंस चालक किशोरी को बरेली जिला अस्पताल लेकर पहुंचा तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोरी के शव का बरेली में ही पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपी को पकड़ लिया है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# गर्मी में नहीं सुध पा रही बिजली व्यवस्था

**बीसलपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था का हाल बदहाल होता जा रहा है। मंगलवार को कई बार बिजली गुल हुई। उपभोक्ता गर्मी में बिना बिजली के परेशान हुए।

बता दें कि करीब एक माह से बिजली कटौती की समस्या बढ़ चुकी है। लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर और तार आग उगल रहे हैं। तकनीकी खराबी आने से बत्ती घंटों गुल रहती है। नगर के इंदिरा गांधी पार्क स्थित ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने पर आए दिन फाल्ट होता है। जिससे आपूर्ति घंटों प्रभावित रहती है। मंगलवार दोपहर में कई घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही, जिससे उपभोक्ताओं को भारी असुविधा हुई।

अवर अभियंता गंगाराम का कहना है कि ओवरलोड के चलते दिक्कत आ रही है। विभाग हर संभव इन्हें दूर करने की कोशिशों में लगा हुआ है।

# आधा दर्जन संदिग्ध हिरासत में लिए, चल रही पूछताछ

- युवती को बंधक बनाकर लूट का मामला, सर्विलांस टीम भी लगाई
- पुलिस अधीक्षक ने भी किया घटनास्थल का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : दो दिन पहले कस्बा शेरपुरकलां में युवती के गन प्वाइंट पर लेकर की गई लूटपाट के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है। आधा दर्जन संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। परिवार से भी पुलिस की टीमें जानकारी करती रही। एसपी ने मौका मुआयना कर घटना के बारे में जानकारी की। कोतवाली पूरनपुर पुलिस के अलावा एसओजी और सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है।

बता दें कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुरकलां गांव निवासी कनीज बेगम की पुत्री चमन मंगलवार रात छत पर बने कमरे में सो रही थी। रात करीब 2 बजे दो नकाबपोश बदमाश असलहा लेकर छत पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही चमन ने दरवाजा खोला, बदमाशों ने उसका मुंह कपड़े से बांध दिया और धक्का-मुक्की कर कमरे में घुस गए। युवती को गन प्वाइंट पर लेकर 24 हजार रुपये व जेवरात लूट ले गए थे। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। सोमवार को एसपी अभिषेक यादव, एएसपी विक्रम दहिया ने मौका मुआयना किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और एसओजी की टीम भी पहुंची। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं और वारदात के सुराग पुलिस जुटा रही है। करीब छह से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। सीओ डॉ. प्रतीक दाहिया ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। टीमें लगी हुई है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

# बीसी संचालक के घर चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव में बीसी संचालक के घर से चोर नकदी जेवरात समेट ले गए। घर में लगे सीसीटीवी में चोर की तस्वीर कैद हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव कुरैया खुर्द निवासी बीसी संचालक सुरेश शुक्ला सोमवार रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ सोने चले गए। इसी बीच चोरों ने घर को निशाना बना लिया। कमरे में रखे संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे दो लाख रुपये, तीन सोने की अंगूठियां, एक सोने का पेंडल, एक मंगलसूत्र और दस्तावेज चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह जब आंख खुली तो कमरे का दरवाजा खुला और अंदर सामान बिखरा देख होश उड़ गए। घर में लगे सीसीटीवी को चेक किया तो चोर मुख्य गेट से अंदर घुसते और बक्सा खंगालते हुए कैद मिला। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# बीसी सखी का था नहर में मिला शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- विगत 30 मई को हरदोई ब्रांच नहर में मिला था महिला का शव
- पिता बोले - तीन माह पहले पंचायत के बाद भेजा था ससुराल

**अमृत विचार** : चार दिन पहले हरदोई ब्रांच नहर से मिली महिला के शव की पहचान बीसी सखी रचना देवी के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने पति समेत सात ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि चार दिन तक ससुराल पक्ष ने रचना की गुमशुदगी की कोई जानकारी नहीं दी, जिससे उनके संदेह है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि 30 मई को माधोटांडा क्षेत्र स्थित हरदोई ब्रांच नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। पोस्टमार्टम कराकर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया था। बाद में एक जून को जब रचना की गुमशुदगी दर्ज कराई गई, तब पुलिस ने शव की जानकारी दी। सोमवार को मृतका के परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त रचना के रूप में की और उसे गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के पिता अमरैयाकलां गांव निवासी लाल सिंह कुशवाहा ने बताया कि रचनी की शादी 12 मई 2019 में माधोटांडा के गांव चांदूपुर निवासी सतीश कुमार से हुई थी। उनकी एक तीन साल की बेटी भी है। शादी में सात लाख रुपये खर्च किए गए थे, फिर भी ससुराल वाले दहेज में बुलेट बाइक और दो लाख रुपये की मांग को लेकर लगातार रचना को परेशान करते रहे। कई बार पंचायत भी हुई, यहां तक कि ग्रामीणों ने मिलकर 70 हजार रुपये भी दिए। रचना ने आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाकर बीसी सखी के रूप में काम शुरू किया और जन सेवा केंद्र भी खोला, लेकिन इसके बावजूद उसे ससुराल में मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना मिलती रही। तीन महीने पहले गोमती उद्गम स्थल पर पंचायत के बाद उसे विदा कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अब ससुराल वालों ने रचना की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया।

मृतका के पिता की तहरीर पर पति सतीश कुमार, सास दुलारो देवी, ससुर हेतराम, ननद राधा देवी, ननदोई गुलाब सिंह, माया देवी और ममता देवी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोकपाल ने बताया कि नहर में महिला का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त कर ली गई है। परिवार की ओर से तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल जांच चल रही है।

# जेठ ने की दुष्कर्म की कोशिश जहर पिलाने का लगाया आरोप

- पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज
- विवाहिता ने दहेज से संतुष्ट न होने का भी लगाया आरोप

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचारः** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। आरोप है कि जेठ ने दुष्कर्म की कोशिश और ससुर ने छेड़छाड़ की। शिकायत करने पर कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ पिला दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 8 फरवरी 2021 को मैलानी के युवक से हुई थी। शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुरालिए संतुष्ट नहीं थे। पति के अलावा ससुर, जेठ, ममिया ससुर फॉर्च्यूनर कार की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। आए दिन मारपीट की जाने लगी।

आरोप है कि जेठ ने दुष्कर्म करने की कोशिश की और ससुर ने कई बार छेड़छाड़ की। जब इसकी जानकारी पति को दी तो उसने पीड़िता को ही पीट दिया और कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ देकर जान लेने की कोशिश की। इसके बाद घर से निकाल दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 31 मई की रात 12 बजे पड़ोस के गांव में रहने वाला आशीष शर्मा उनकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री का पता नहीं लग सका। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# आपत्तिजनक वीडियो बनाकर किया वायरल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** युवती के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी की शादी बरेली के युवक से हुई है। 10 मई को विवाह होना तय हुआ था।

आरोप है कि बरेली जनपद के विथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा निवासी भगवत शरन ने लड़का पक्ष को पुत्री के कुछ आपत्तिजनक वीडियो और फोटो बनाकर भेज दिए। बाद में इसे सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। जिससे उनकी बेटी का रिश्ता टूट गया। उसके परिवार वाले आरोपी से शादी करने का दबाव बना रहे हैं। ऐसा न करने पर मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने आरोपी भगवत शरण, उसके पिता नन्हेलाल, बंटी और बीसलपुर निवासी बलबीर की सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# भारतीय बजरंग दल नगर अध्यक्ष समेत 11 पर रिपोर्ट

- प्रतिबंधित मांस होने के शक में की थी बाइक सवार की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गोमांस की घर-घर बिक्री करने के शक में बीते दिनों एक बाइक सवार की पिटाई कर दी गई थी। इास मामले में भारतीय बजरंग दल नगर अध्यक्ष समेत 11 पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना 31 मई की सुबह करीब 8 बजे हुई थी। डगा गांव निवासी बशीर अहमद गांव की एक दुकान से मीट खरीदकर माधोटांडा स्थित अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार, उसके पास खरीदारी की रसीद भी थी। रास्ते में भारतीय बजरंग दल नगर अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा ने अपने साथी गोविंद राणा, आशू यादव और सात-आठ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर रोक लिया। आरोप है कि मांस को प्रतिबंधित बताकर गाली-गलौज की गई और लोहे की रॉड व डंडों से पिटाई की। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई, जिसके बाद किसी तरह मामला शांत कराया गया। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मामला तूल पकड़ गया, जिसके बाद पुलिस ने अब बशीर अहमद की ओर से कुलदीप मिश्रा समेत 11 पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला से मारपीट, चार पर रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : मकान के सामने होली मैदान पर डीजे लगाकर अश्लील गाने बजाने से मना करने पर महिला कीर पिटाई करने के मामले में चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मोहल्ला दुबे निवासी आकांक्षा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मई की रात उसके मकान के सामने पड़े शिवम दुबे, सत्यम दुबे, शुभम दुबे, प्रिंस दीक्षित व अन्य लोग तेज आवाज में डीजे पर अश्लील गाने बजा रहे थे। विरोध करने पर हमला किया गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# शाहजी मियां की दरगाह पर की गई चादरपोशी

**पीलीभीत, अमृत विचारः** नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के डेलिगेशन में शामिल सभासदों ने शहर में शाहजी मोहम्मद शेर मियां की दरगाह पर चादरपोशी की। दरगाह के सज्जादानशीन ने सभी सभासदों की दस्तारबंदी की। शहरवासियों की तरक्की के लिए दुआ की।

पालिकाध्यक्ष के डेलिगेशन में शामिल सभासद इकबाल हजरत खां, अनस अंसारी, राशिद हुसैन, नजाकत अली कादरी, मोहम्मद शरीफ, रईस अहमद, विकास बाबू, विपिन कुमार राजू फौजी, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह टीटू दरगाह के समीप स्थित जुगनू के पाकड़ पर एकत्र हुए। यहां से पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा भेजी गई चादर को लेकर दरगाह पर रवाना हुए। दरगाह पहुंचने पर दरगाह कमेटी के लोगों और समाज से भी आरिफ हजरत खां ने पालिका के सभासदों का स्वागत किया। मेराज मियां ने शहर की तरक्की की दुआ की।

# पलिया और फरीदपुर के बीच होगा पहला लीग मैच



बिलसंडा के कॉलेज मैदान पर टूर्नामेंट से पहले रिहर्सल करते आयोजक।

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मैदान पर होने वाले अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा करेंगे। आयोजक सुमित जायसवाल ने बताया कि उद्घाटन मैच के पहले दिन कुणाल इलेवन फरीदपुर और राजू क्रिकेट क्लब पलिया की टीमों के बीच पहला लीग मैच खेला जाएगा। इसके लिए कॉलेज ग्राउंड पर साफ-सफाई को अंतिम रूप दिया गया है।

मंगलवार देर शाम उत्तर प्रदेश चीनी मिल फेडरेशन के डायरेक्टर अटल सिंह जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, अजय जायसवाल, राजीश गुप्ता आदि ने कॉलेज ग्राउंड पर चल रही टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा की। अंपायर सुनील शुक्ला एवं पूर्व क्रिकेटर दिनेश महतिया ने बताया कि इसी ग्राउंड पर ढाई दशक पहले भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना और जडेजा भी मैच खेलने आ चुके हैं। टूर्नामेंट से पहले इसका रिहर्सल भी किया गया।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ग्राम उमरिया के निवासी सर्वेश कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें ओमकार, ऋषिपाल, प्रदीप कुमार, शशि, मोनी गुड्डी देवी, किशोरी देवी उर्फ नन्हीं देवी को आरोपी बनाया। इसमें बताया कि 15 अप्रैल को वह अपने मकान की दीवार में स्लेप डलवाने के लिए ड्रिल मशीन से छेद कर रहा था। इस बीच ईंट की गुट्टी उखड़कर बड़े भाई ओमकार के प्लट में गिर गई। इसी बात को लेकर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। लोहे की रॉड, बांका और डंडे से वार किए। पुलिस ने अब मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

# भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गांधी सभागार में मंगलवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव की अगुवाई में पीस कमेटी बैठक हुई। इसमें बकरीद, गंगा दशहरा आदि पर्व सकुशल संपन्न कराने के लिए संभ्रांत नागरिकों से संवाद किया गया।

विभिन्न क्षेत्रों से आए संभ्रांत व्यक्तियों से पर्व को लेकर समस्याएं जानी। संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। कहा कि बकरीद व गंगा दशहरा पर्व पर विशेष सतर्कता बरती जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले पर सख्त कार्रवाई करें। डीएम-एसपी ने कहा कि मातहत संभ्रांत व्यक्तियों के संपर्क में रहे और कहीं पर कोई दिक्कत आए तो तुरंत समाधान करें। धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि दुरुस्त रखें। बकरीद पर समस्त नगर पालिका, नगर पंचायतों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। कुर्बानी खुले में न की जाए और कुर्बानी के अवशेष इधर उधर न फेंकें। एक्सईएन पावर कारपोरेशन को निर्देश दिए कि त्योहारों पर बिजली व्यवस्था की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। धार्मिक स्थलों के पास ढीले विद्युत तारों को ठीक कराएं। इस मौके पर एडीएम ऋतु पूनिया, एएसपी विक्रम दहिया, एक्सईएन बिजली पंकज भारती आदि मौजूद रहे।



पीस कमेटी बैठक को संबोधित करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, मौजूद एसपी व अन्य।

- बकरीद और गंगा दशहरा को लेकर हुई पीस कमेटी बैठक

# एक साथ चुनाव होने पर होगा फायदाः दीपक

**अमरिया, अमृत विचारः** ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा दीपक गुप्ता रहे। उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अगर भारत में एक साथ चुनाव होता है तो अर्थव्यवस्था में और भी सुधार आएगा। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, प्रमोद कुमार कश्यप, परविंदर सिंह उर्फ प्रिंस, डॉ. धर्मवीर प्रजापति, सोहरान सिंह, खजान सिंह, केवल सिंह, मानसिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार कश्यप, रामप्रसाद वर्मा, गुरुसेवक सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा की अगुवाई में मासिक बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता समाज के सभी वर्ग, जाति, समुदायों के लोगों से मिलकर उन तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाएं। उन्हें कांग्रेस से जोड़ें और उन सबके साथ जन-जन तक कांग्रेस विचारधारा पहुंचाएंगे। अब तक के कार्यों की समीक्षा की गई और ब्लॉक प्रभारियों से मिलकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक सचिवों पर चर्चा की। जिला स्तरीय व्यापार मंडल, एनजीओ, आंदोलनकारी नेताओं आदि की सूची बनाने के लिए कहा गया। इस मौके पर मुनेंद्र सक्सेना, रामनाथ, नरेश शुक्ला, प्रदीप मौर्या कुंवरसेन पासवान, हरीश कुमार सिंह मौर्य, अनवर अनीस, विजय बहादुर मौर्य, रवि लोधी, पुष्पा गंगवार, सरिता चौहान, ताहिर सिद्दीकी, सद्दीक अहमद उस्मानी, मो सुलेमान, पीएम खान, राजेश वर्मा, इश्त्याक अहमद, सैयद कैफ, रेहान अली, गुरमीत सिंह, किरन पाल सिंह, मुसीद बेग,वारिश, असद आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा। ● अमृत विचार

# शहर में उमड़ा शाहजी बाबा के मुरीदों का सैलाब

## दरबार-ए-शेरिया में हुए कुलशरीफ में दुआ को उठे हजारों हाथ, मुल्क में अमन चैन की मांगी गईं दुआएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** हजरत अलहाज शाहजी मोहम्मद शेर मियां के उर्से पाक के कुल शरीफ में मंगलवार को अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ा। दरगाह शरीफ से मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया गया। इस दौरान सज्जादानशीन हजरत मुन्ने मियां शेरी ने मुल्क में अमन-चैन व तरक्की के लिए दुआ फरमाई। अकीदतमंदों की भीड़ से दूर-दूर तक रास्ते जाम रहे। चप्पे-चप्पे पर शाहजी बाबा के मुरीदों का सैलाब दिखाई दिया।

मंगलवार की सुबह फज्र की नमाज के बाद दरगाह शरीफ पर कुरआनख्वानी, हलका और शजरा पढ़ने के बाद पहले कुल शरीफ की फातेहा की गई। इसके बाद दरगाह शरीफ पर जायरीन ने हाजिरी देकर गुलपोशी की। जैसे-जैसे कुल शरीफ का समय नजदीक आता गया, अकीदतमंदों का सैलाब दरगाह की तरफ जाने वाले सभी रास्तों पर उमड़ने लगा। कुल शुरू होने से करीब एक घंटा पहले ही दरगाह पहुंचने वाले सभी रास्ते अकीदतमंदों की भारी भीड़ से खचाखच भर गए। सुबह 10 बजे बड़े कुल शरीफ की रस्म नात-ओ-मनकबत के साथ शुरू हुई। दूरदराज से आए लोगों ने नजराना-ए-अकीदत पेश किए। दरगाह की परंपरागत मीलाद पार्टी ने अपने अंदाज में कलाम पेश किए। इसके बाद शजरा पढ़ा गया। दरबार-ए-शेरिया के सज्जादानशीन हजरत मुन्ने मियां शेरी ने कहा कि शाहजी बाबा को दुनिया से पर्दा किए 122 साल हो गए हैं। हम खुशनसीब हैं, जो हमें शाहजी बाबा का 122वां उर्स मनाने की अल्लाह ने तौफीक दी। कुराने पाक की तिलावत के बाद शाहजी मियां का शिजरा पढ़ा गया। सज्जादानशीन द्वारा कौम और मिल्लत के लिए दुआ की गई। कुल शरीफ की रस्म पूरी होने के बाद जायरीनों को लंगर और तबर्रुक बांटा गया। इस मौके पर नायाब सज्जादानशीन अब्दुल हफीज मियां शेरी, हजरत मेराज मियां शेरी, बिलाल मियां शेरी, नफीस मियां शेरी, मौलाना अनवार मिस्बाही शेरी, शहराज मियां शेरी, नूर मुहम्मद कदीरी समेत बड़ी तादाद में जायरीन मौजूद रहे। सज्जादानशीन पे बताया कि 04 जून को हजरत शाहजी मियां के मामू हजरज नेमतुल्लाह शाह मियां के खकरा पुल स्थित मजार शरीफ पर अपराह्न 1 बजे कुलशरीफ के साथ उर्स-ए-शाहजी संपन्न होगा।


शाहजी मियां के उर्स के कुलशरीफ में दुआ फरमाते सज्जादानशीन हजरत मुन्ने मियां शेरी।


दरबार ए शेरिया में कुलशरीफ में नातो मनकबत पेश करते उलेमा। ● अमृत विचार

### खचाखच भरी सड़कें, ट्रेनें-बसें भी रहीं फुल

दरबार-ए-शेरिया की ओर जाने वाले सभी रास्ते कुल शरीफ शुरू होने से पहले ही खचाखच भर गए। पैर रखने तक की कहीं जगह नहीं रही। कुलशरीफ शुरू होते ही जिसे जहां तक पहुंच मिला, वह वहीं ठहर गया। वहीं कुल शरीफ में शिरकत करने आए जायरीनों के सैलाब से बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ रही। ट्रेनों और बसों में जगह पाने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुल शरीफ की रस्म होने के बाद शहर की सड़कों पर सैलाब सा दिखाई। उर्से पाक के मौके पर शहर की गली-गली में शाहजी बाबा के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। मोहल्ला भूरे खां, अशरफ खां, मुनीर खां, कबीर खां, मोहम्मद वासिल, शेरमोहम्मद, खुदागंज समेत जिले के अन्य स्थानों पर भी लंगर हुए।


कुलशरीफ के मौके पर दरगाह शरीफ में मौजूद जायरीन। ● अमृत विचार

# प्रेस कांफ्रेंस में बरकाते हदीस पुस्तक का विमोचन

**पीलीभीत, अमृत विचारः** उर्स-ए-शाहजी मियां के मौके पर खानकाह नसीरिया शेरिया में हुई प्रेस कांफ्रेंस में धर्म गुरु एवं इस्लामिक स्कालर मुफ्ती साजिद हसनी ने कुतुबे पीलीभीत हुजूर शाहजी मोहम्मद शेर मियां की रूहानी जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि शाहजी मियां के दयार में आला हजरत इमाम अहमद रजा खान फाजिले बरेलवी रहमतुल्ला अलैह अक्सर शरफे मुलाकात के लिए आया करते थे।

आला हजरत फाजिले बरेलवी और हुजूर शाहजी मोहम्मद शेर मियां हमेशा एक दूसरे की बड़ी इज्जत और एहतराम किया करते थे। काशीपुर उत्तराखंड से आए मुफ्ती कासीमुल कादरी ने कहा कि शाहजी मियां रोजाना पीलीभीत से अपने पीरो मुर्शीद सैय्यद अहमद अली शाह की खिदमत में भटपुरा शरीफ रामपुर जाया करते थे। रात में अपनी मां की खिदमत किया करते थे और दिन में अपने पीरो मुर्शिद की खिदमत किया करते थे। इस दौरान फरहान मियां शेरी द्वारा लिखी गई पुस्तक बरकाते हदीस का विमोचन मौलाना बजाहत मियां शेरी एवं मुफ्ती साजिद हसनी कादरी ने किया। इससे पूर्व आल इंडिया उलमा मशाइख बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैय्यद मोहम्मद अशरफ किछौछा शरीफ की ओर से फूलों की चादर हुजूर शाहजी मोहम्मद शेर मियां के दरबार में पेश की गई। इस मौके पर मौलाना सरताज शेरी, मौलाना फसीहुद्दीन शेरी, मौलाना हिलाल शेरी आदि मौजूद रहे।

# शहीद के परिजनों से मिले डीएम-एसपी, दी सांत्वना


शहीद लखविंदर सिंह के परिजनों से जानकारी लेते डीएम व एसपी।

संवाददाता, माधोटांडा

- सिद्धबाबा मेले में भी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**अमृत विचारः** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं एसपी अभिषेक यादव ने गांव धुरिया पलिया पहुंचकर सिक्किम के लाचुंग में भूस्खलन में शहीद हुए लखविंदर सिंह के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। शहीद लखविंदर सिंह सिख रेजीमेंट में कार्यरत थे। इस दौरान परिजनों द्वारा बताया कि पिछले डेढ़ साल से सिक्किम में पोस्टिंग थी। परिजनों ने बताया कि लखविंदर सिंह के शहीद होने की जानकारी सिख रेजीमेंट के सीईओ ने फोन पर दी। डीएम व एसपी ने शहीद के परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद डीएम और एसपी ने सिद्धबाबा मेले में पहुंचकर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेले में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बात कर स्थिति जानी। इस दौरान डीएम ने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए क्रांतिकारी कुंवर भगवान सिंह

संवाददाता, बिलसंडा


बमरौली में कुंवर भगवान सिंह की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते लोग।

- बमरौली में स्मारक स्थल बनाने की केंद्रीय राज्यमंत्री से मांग
- तमाम लोगों ने बमरौली पहुंचकर समाधि पर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचारः** जंग-ए-आजादी में जनपद पीलीभीत से अग्रणी भूमिका निभाने वाले बीसलपुर के प्रथम विधायक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंवर भगवान सिंह की पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें याद किया। उनके पैतृक गांव बमरौली पहुंचकर उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

क्रांतिकारी विचार मंच के तत्वावधान में तमाम लोग गांव बमरौली में स्थित उनकी कुंवर भगवान सिंह की समाधि स्थल पर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। लोगों ने समाधि के आसपास साफ-सफाई भी की। इस दौरान उत्तर प्रदेश क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता मुकेश सक्सेना, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार, हिंदु युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष गौरव शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पप्पू, उमा देवी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नीरज गुप्ता, ठाकुर महेंद्र सिंह, ठाकुर बलवीर सिंह, सहकारी क्रय विक्रय के संचालक अजय जायसवाल, डॉ. राम औतार शर्मा, पिंटू सिंह, सुधाकर मिश्रा, रजनीश, सियासत राजपूत, देवेंद्र पटेल, गुड्डू राजपूत, राजेश सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में किए गए योगदान की चर्चा की। क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक देवस्वरूप पटेल ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से कुंवर भगवान सिंह की गढ़ी और समाधि स्थल को विकसित कर जन्म स्थली पर स्मारक स्थल बनाए जाने मांग की है। यह मांग कुंवर भगवान सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सम्मानित करने के लिए की गई। बताते हैं कि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने इस मांग पर गंभीरता से विचार कर कार्य कराने का आश्वासन दिया है।

# कलश यात्रा के साथ हनुमान गढ़ी पर अमृत वर्षा का आयोजन शुरू

संवाददाता, बिलसंडा


खन्नौत नदी से कलश में जल भरकर लाती महिलाएं। ● अमृत विचार

- पहले दिन हुआ राम नाम का गुणगान

**अमृत विचारः** नगर के श्री हनुमान गढ़ी मंदिर पर गीत संगीत के माध्यम से श्रीरामकथा की अमृत वर्षा का आयोजन मंगलवार से शुरू हो गया। सुंदरकांड पाठ सेवा समूह की ओर से आयोजित रामकथा के पहले दिन महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर गाजे बाजे के साथ नगर में धूमधाम से कलश शोभायात्रा निकाली। नगर से सटी खन्नौत नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने पवित्र जल कलशों में भरा।

राम कथा के पहले दिन राम नाम की महिमा का वर्णन किया गया। वृंदावन से आए कथाव्यास पंडित अम्बरीश तिवारी ने बताया कि राम नाम अविनाशी है, चाहे दुनिया इधर से उधर हो जाए, सब कुछ बदल जाए पर यह राम नाम ज्यों का त्यों यूं ही सदा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जीवन का आधार ही राम नाम है। हर जगह राम नाम की महिमा का गुणगान है। सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है। जीवन में राम नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल और क्षण में राम नाम चलन रहता है। बच्चे के जन्म में श्री राम के नाम का सोहर होता है। विवाह आदि मांगलिक कार्यों के अवसर पर श्री राम के गीत गाए जाते हैं। यहां तक कि मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम का ही घोष किया जाता है। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। व्यवस्था में राजू मिश्रा, रजनीश मिश्रा, भोलेनाथ, सचिन मिश्रा, अशोक शुक्ला, अरविंद शुक्ला, भरत, मनोज वर्मा, सुंदरलाल वर्मा, डॉ. श्रीनिवास शर्मा, मंगलसेन वर्मा, रामचंद्र लाल आदि का सहयोग रहा।

# बाघ ने बछड़े पर हमला कर किया घायल, लोगों में दहशत

संवाददाता, खुटार

- खेतों में खड़ी मक्के की फसल में बाघ ने जमाया डेरा
- बनकटा के पास भी लोगों को दिखाई दिया बाघ

**अमृत विचारः** खुटार गोला रोड महुरैया गांव में बीती रात बाघ ने एक बछड़े पर हमला कर दिया। बछड़े के रंभाने की आवाज होने पर मकान स्वामी जाग गया और और उसने घर के बाहर निकल कर टार्च की रोशनी डालते हुए देखा तो बाघ बछड़े को खींचकर ले जा रहा था। जिस पर हो हल्ला करने पर बाघ बछड़े को घायल कर भाग गया। इस घटना के बाद गांव के लोगों में दहशत बनी हुई है।

महुरैया गांव निवासी पोथीराम ने बताया कि सोमवार रात वह अपनी गाय व बछड़े को दरवाजे पर बांधकर घर के आंगन में सो रहे थे। तभी अचानक रात 3 बजे बछड़े की रंभाने की सुनाई दी। जिस पर वह लाठी, टार्च लेकर घर के बाहर निकले तो देखा कि बाघ बछड़े को खूंटे से खींच कर ले जा रहा था। जिस पर उन्होंने पास पड़ोस रहे रहे लोगों को बुलाने के लिए हो हल्ला मचाया तो पड़ोसी भी जाग गये और शोर मचाने लगे। जिस पर बाघ बछड़े को घायल कर छोड़कर चला गया। ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि बाघ आए दिन खेतों में चहल कदमी करता हुआ दिखाई देता है। वन विभाग को कई बार सूचना भी दी गई लेकिन सूचना के बावजूद भी कोई वनकर्मी मौके पर नहीं आए।

किसानों का कहना है कि खेतों में खड़ी मक्के की फसल में ही बाघ अपना डेरा जमाए बैठा है, जिससे वन विभाग कोई अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है। खुटार गोला रोड बनकटा मोड़ के पास भी सोमवार रात बाघ को चहल कदमी करते हुए रोड किनारे देखा, जिससे लोगों में बाघ की दहशत बनी हुई है।

# पति समेत 5 पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचारः** अतिरिक्त दहेज में बाइक और दो लाख रुपये न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट की और घर से निकाल दिया। क्षेत्र के ग्राम भदारी निवासी अवनी कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री सुदेवी वर्मा की शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर अमृत निवासी प्रवीण कुमार से हुई। एक माह बाद ही ससुराल वाले बाइक और दो लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# मुख्यमंत्री से ब्लॉक प्रमुख मरौरी ने की मुलाकात, रखे कई प्रस्ताव

- मुख्यमंत्री से क्षेत्र के विकास को लेकर की चर्चा, दिया मदद का आश्वासन

**पीलीभीत, अमृत विचारः** मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया है। ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री को पीलीभीत की प्रसिद्ध बांसुरी भेंट की। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत स्तर पर बरात घर बनवाने और विकास खंड मरौरी में अतिथि गृह बनवाने की अनुमति को लेकर पत्र दिया गया है। इसके अलावा ब्लॉक क्षेत्र में जंगल के किनारे स्थित गांवों में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट के लिए अतिरिक्त बजट मांगा है। बता दें कि क्षेत्र के कई गांव जंगल से सटे हैं और बाघ का आतंक बना रहता है।


सीएम को बांसुरी भेंट करती ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा।

# ससुराल में महिला की संदिग्ध अवस्था में जलकर मौत

**मदनापुर/शाहजहांपुर, अमृत विचारः** हरदोई ससुराल में रह रही एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई। मायके वाले उसे लखनऊ लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज की खातिर उसे जला दिया है। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर निवासी कुसमा देवी ने अपनी बेटी 26 वर्षीय शालू सिंह की शादी चार साल पहले श्याम सिंह निवासी सहसोगा थाना पचदेवरा जिला हरदोई के साथ की थी।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## एक नजर

### एक सप्ताह बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होने पर डीजीपी को भेजा पत्र

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हिंदू शेर सेना के पदाधिकारियों ने बछड़े पर तेजाब डालने के मामले में एक सप्ताह बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होने पर पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस महानिदेशक को भेजे पत्र में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला उप प्रमुख अनूप गुप्ता, महामंत्री अंकित ठाकुर व नगर अध्यक्ष मोहित राठौर ने कहा कि 29 मई को उन्होंने कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ बछड़े को पीटने और गर्दन पर तेजाब डालकर जान मारने की कोशिश करने पर तहरीर दी थी, पर एक सप्ताह बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### खसरा खतौनी के लिए भटक रहे किसान

**बिझौली, अमृत विचार :** चकबंदी के चलते लखीमपुर ब्लॉक के बिझौली, चिंतापुरवा, रमुआपुर गांव के किसानों को खसरा खतौनी नहीं मिल पा रही है। इससे कृषि योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। तहसील, चकबंदी कार्यालय का चक्कर काटते-काटते किसान परेशान हैं। उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। चार वर्ष पूर्व क्षेत्र में चकबंदी शुरू हुई थी, किन्ही कारणों से ग्राम का नाम गलत होने के कारण फीडिंग नहीं हो पाई, जिस कारण अब तक खसरा खतौनी नहीं मिली है। प्रशासन से शासन स्तर तक शिकायत करने के बाद भी कोई पहल नहीं हो सकी। किसान लेखपाल व तहसील के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो रहा। किसानों के बैंक में क्रेडिट कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उपकरण, खाद बीज आदि का लाभ नहीं ले पाते। बिझौली गांव के सुनील कुमार, रामेश्वर सिंह, रमुआपुर गांव के हरिपाल सिंह, एसपी सिंह, विपिन सिंह समेत अन्य प्रभावित किसानों ने अधिकारियों से इस समस्या का निदान कराने की मांग की है।

# राज्यपाल बोलीं: कोई पात्र योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित

## डीटीआर सभागार में राज्यपाल ने डीएम के मिशन मैदान पहल की सराहना की, स्वास्थ्य एवं पुस्तकालय से जोड़ने का दिया सुझाव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दुधवा टाइगर रिजर्व सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर उनकी प्रगति जानी। इस दौरान डीएम के मिशन मैदान की सराहना कर इसे स्वास्थ्य एवं पुस्तकालय से जोड़ने का सुझाव भी दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि एक भी पात्र योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहने पाए।

राज्यपाल ने कहा कि थारू जनजातीय क्षेत्र में कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, जिससे थारू महिलाओं और इनके बच्चों का संपूर्ण विकास हो सके। इसके लिए अभियान चलाकर हर संभव प्रयास करें। थारू क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराने के लिए सीएमओ को निजी अस्पतालों से प्रसव के आंकड़े एकत्र करने के लिए कहा। इस पर सीएमओ ने बताया कि जिले में प्रसव सुविधाओं के लिए केंद्र बढ़ाए जा रहे हैं। इसके अलावा थारू क्षेत्र में छह उपकेंद्र पर 24 घंटे सातों दिन प्रसव सुविधा दी जा रही है। सीएमओ ने 168 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जाना बताया।

बीएसए से 31 पीएम श्री विद्यालयों और नामांकन की प्रगति बताई। सीडीओ ने बताया कि अमृत सरोवर योजना के तहत 416 तालाबों में से 355 का काम पूरा हो चुका है, जबकि 61 का कार्य प्रगति पर है। सीडीओ के मिशन मैदान अभिनव पहल की प्रस्तुत करने पर स्वास्थ्य एवं पुस्तकालय सुविधा से जोड़ने का सुझाव दिया। बैठक में दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर टी. रंगा राजू ने वन विभाग की गतिविधियों पर प्रस्तुति दी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, डीडी दुधवा टी रंगा राजू, डीएफओ सौरीस सहाय, संजय बिसवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। ● अमृत विचार



दीदियों को ई-रिक्शा की चाबी सौंपती राज्यपाल। ● अमृत विचार



हस्तशिल्प के तहत बनी हैट पसंद करतीं राज्यपाल। ● अमृत विचार

### रेड क्रॉस पदाधिकारियों से जनहित अभियानों को प्रभावी बनाने का आह्वान

राज्यपाल ने मंगलवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों संग बैठक कर उनसे परिचय कर समाज हित में संस्था की ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने रेड क्रॉस की मानवीय सेवा परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि संकट और आपदा की घड़ी में रेड क्रॉस की भूमिका प्रेरणास्पद रही है। उन्होंने स्वास्थ्य, रक्तदान, आपदा राहत और जनजागरूकता से जुड़े अभियानों की मालूमात कर इन्हें प्रभावी रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### 21वीं सदी महिलाओं की सदी, इसलिए संस्थागत प्रसव जरूरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन पलिया ब्लॉक के थारू गांव बलेरा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं की सौगात देकर समर कैंप, शैक्षिक प्रदर्शनी से लेकर विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान थारू जनजाति के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि दूरस्थ और वनवासी क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के प्रयास देखकर बेहद प्रसन्नता हो रही है। बचपन से बच्चों को पढ़ाई के साथ पेंटिंग, भाषण, गीत-संगीत आदि रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना उनके समग्र विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने महिलाओं के लिए पुराने भवन को प्रशिक्षण केंद्र में बदलने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त भी। एसपी को नसीहत देते हुए कहा कि बाल विवाह के मामलों पर पुलिस को स्वत : संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। बेटियों के सशक्तिकरण के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना जरूरी है। नवजात शिशुओं की निगरानी करने से लेकर निजी अस्पतालों में जन्म से संबंधित दस्तावेज जांचना भी आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तत्पर है। लखनऊ विश्वविद्यालय की एक शोध छात्रा ने विकसित भारत का संकल्प <bha>@</bha>2047 विषय पर अपने विचार रखे, जिसकी राज्यपाल ने सराहना की। इस दौरान धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### दीदियों को ई-रिक्शा की चाबियां सौंपी

राज्यपाल ने चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, सामग्री किट एवं उपकरण वितरित किए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल एवं हाइजीन किट, किसानों को कृषि यंत्र, पीएम आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, क्षय रोगियों को पोषण पोटली किट, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजना के तहत घरोनी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को गैस कनेक्शन दिए। इनके अलावा 184 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश कोष के लिए दो करोड़ 76 लाख का के चेक, 62 प्रोड्यूसर ग्रुपों को इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए 93 लाख का चेक, पांच दीदियों को ई-रिक्शा की चाबियां सौंपी, जिससे वह आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें।

**थारू हस्तशिल्प केंद्र का भ्रमण कर सराहा महिलाओं का हुनर :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गांव बलेरा में एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चन्दनचौकी द्वारा संचालित हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केन्द्र का भ्रमण किया। उन्होंने थारू जनजाति की महिलाओं बात कर उनके हुनर की सराहना की। उन्होंने तैयार किए गए योगा मैट, पूजा मैट, टेबलमैट आदि देखकर हस्तशिल्प उत्पादन की प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रशिक्षण की व्यवस्था और उत्पादों की गुणवत्ता की जानकारी की। राज्यपाल ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से जोड़ने के लिए जारी प्रयासों की सराहना की।

## खीरी टाउन में बिछाई जाएगी हाईटेंशन बिजली लाइन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** नगर पंचायत खीरी टाउन क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। दोनों क्षेत्रों में बिजली सप्लाई और बेहतर होने जा रही है। खीरी टाउन में 255 लाख रुपये से हाईटेंशन बिजली लाइन बिछाई जाएगी। बिजनेस प्लान में इसे मंजूरी मिल गई है।

शहर के छाउछ पॉवर हाउस से करीब 15 उपकेंद्र संचालित हो रहे हैं। इनमें खीरी टाउन 33 केवी उपकेंद्र छाउछ से जुड़ा है। इससे उपकेंद्र ओवरलोड हो गया है। अधिकारियों ने जब सर्वे किया तो यह बात निकल कर सामने आई कि खीरी टाउन उपकेंद्र के लिए ओयल से जब तक नई लाइन नहीं बनाई जाएगी। तब तक उपकेंद्र को संचालित कर पाना मुश्किल है। इसके लिए ओयल के 132 केवी से खीरी टाउन को जोड़ने का निर्णय लिया गया। बिजनेस प्लान 2025-26 के तहत इसका सर्वे किया गया। पाया गया कि 12 से 15 किलोमीटर लंबी लाइन बनाने की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए 255 लाख रुपये का खर्च आएगा। बिजली अधिकारियों ने इसका प्रस्ताव बनाकर स्वीकृत के लिए भेजा, जिसे मंजूरी मिल गई है। अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हाईटेंशन लाइन बनाने का जिम्मा सेकेंड्री वर्क्स को सौंपा गया है। लाइन बनने से गर्मी के दिनों में खीरी टाउन के 6900 उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग से निजात मिलेगी। बिजली विभाग ने ओयल से कालाआम तक 33 केवी की नई बिजली लाइन बनाने का भी प्रस्ताव भेजा था, लेकिन उसे मंजूरी नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि मितौली के रामनगर में 33 केवी के नए उपकेंद्र के निर्माण के लिए बिजनेस प्लान में प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अभी मंजूरी नहीं मिल पाई है।

# श्वांस नली तक पहुंची गले में घुसी कील

- जिला अस्पताल में ईएनटी सर्जन ने किया सफल ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल की ओटी में सोमवार को जटिल ऑपरेशन हुआ, जिसे ईएनटी सर्जन ने सफलतापूर्वक कर युवक की जान बचाने में कामयाबी हासिल की है। लकड़ी का काम करने वाले युवक के गले में सोमवार को कील घुस गई, जो थायरॉइड ग्रंथि में घुसकर श्वांस नली तक पहुंच गई थी। समय पर जिला अस्पताल पहुंचने से युवक की जान बच गई।

सोमवार को महेवागंज में 28 वर्षीय कॉरपेंटर दीपू के गले में काम करने के दौरान लोहे की कील गले में घुस गई। बताते हैं कि स्वचलित मशीन से दीपू कील लगा रहा था। इस दौरान मशीन में अचानक तकनीकी दिक्कत आ गई। ऐसे में कील उल्टी दिशा में चलकर दीपू की गर्दन में प्रवेश कर गई। करीब दो सेंटीमीटर लंबी कील थायरॉइड ग्रंथि में प्रवेश कर श्वांस नली के पास तक पहुंच गई थी। साथ में काम करने वाले लोगों ने दीपू का एक्सरा कराकर सीधे जिला अस्पताल पहुंचे। मेडिकल कॉलेज के ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा ने यह जटिल ऑपरेशन कर कील को निकालने में सफलता पाई। साथ ही युवक की जान बचा ली।



एक्सरे में दिखती गले में घुसी कील।

> जिला अस्पताल की ओटी में मेडिकल कॉलेज के ईएनटी सर्जन ने बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन कर गले में घुसी लोहे की कील निकालने में महारत हासिल की है। वैसे हादसे की स्थिति में सबसे जरूरी है मरीज को समय रहते अस्पताल लेकर आने की। समय पर अस्पताल आने से मरीज की जान बचाने की संभावना कई गुना तक बढ़ जाती है। **-डॉ. आरके कोली**, सीएमएस जिला अस्पताल।

### चुनौतीपूर्ण के साथ जटिल भी था ऑपरेशन



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि दीपू का ऑपरेशन जटिल होने के साथ बेहद चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि कील थायरॉइड ग्रंथि में प्रवेश कर गई थी। यह ग्रंथि श्वांस नली के ऊपर होती है, जिससे जरा सी चूक में कील के श्वांस नली में प्रवेश करने का डर बन रहता था। हालांकि ऑपरेशन बेहद जटिल और चुनौती भरा था। हालांकि सावधानी और सतर्कता के साथ ऑपरेशन कर कील निकालने में सफलता मिल गई। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है।

> युवक के साथ जो हादसा हुआ है उसने यह साबित कर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल करते समय पूरी सावधानी बरतें। स्वचालित मशीनों का उपयोग करते समय सुरक्षा उपकरण अवश्य पहनें। इसके बावजूद किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर बिना देर किए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर दिखाएं, जिससे समय पर बेहतर चिकित्सीय लाभ मिल सके।
> **-डॉ. वाणी गुप्ता**, प्रधानाचार्या स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली।

## पहले घर पर दी सूचना, फिर ट्रेन से कटकर दी जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला पटेल नगर के पास से गुजरी रेल लाइन पर एक किशोर के कटने की सूचना जीआरपी को सोमवार की रात करीब पौने दस बजे मिली। सूचना पाकर जीआरपी और सदर कोतवाली की एलआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा उसका सिर धड़ से अलग था। शव की पहचान मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी मोहम्मद बारी (17) के रूप में हुई। सूचना पर रोते-बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि कि मोहम्मद बारी सोमवार की शाम घर से निकला था, लेकिन वह घर वापस नहीं आया। घर पर आत्महत्या करने से कुछ देर पहले मोहम्मद बारी ने परिवार वालों को फोन किया था और आत्महत्या करने की बात कहकर फोन काट दिया। परिजनों ने बताया कि घर के अलावा बाहर भी उसका किसी से कोई वाद-विवाद नहीं हुआ था। अब्दुल सलाम पढ़ाई के साथ ही कंप्यूटर सीख रहा था। पुलिस का कहना है कि मामला महज हादसा है या आत्महत्या। यह जांच का विषय है।

# सावन में श्रद्धालु तीर्थ के जल में कर सकेंगे स्नान

- कार्यदायी संस्था ने तेज की तैयारियां

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** पौराणिक शिव नगरी छोटी काशी में आगामी सावन में श्रद्धालु, कांवड़िया गोकर्ण तीर्थ के निर्मल जल में स्नान कर सकेंगे। सौंदर्यीकरण का कार्य करा रही यूपीपीसीएल की कार्यदाई संस्था ने इसकी तैयारियां जोरों से शुरू कर दी हैं। शिव मंदिर कॉरिडोर सौंदर्यीकरण के कराए जा रहे कार्यों के चलते तीर्थ में छह माह से जल नहीं भरा गया है।

व्यापारिक एवं धार्मिक नगरी छोटी काशी में सावन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु व कांवड़िया भोलेनाथ के दर्शन करने आते हैं और गोकर्ण तीर्थ के जल में स्नान कर पुण्य कमाते हैं। शिव मंदिर कॉरिडोर सौंदर्यीकरण कार्य दिसंबर 2024 से शुरू होने के चलते तीर्थ अभी तक जल विहीन है। 37 दिन बाद सावन का मेला शुरू हो जाएगा, जिसमें 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण का कार्य करा रही यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था रीना कंस्ट्रक्शन के अवर अभियंता विवेक वाजपेयी ने बताया कि इससे पहले तीर्थ परिसर में नाली-नाला का निर्माण कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। एक सप्ताह में गोकर्ण तीर्थ का बचा काम पूरा करा दिया जाएगा। इसके बाद तीर्थ में जल भरा जा सकता है।

सावन मेला हो के बाद गोकर्ण तीर्थ में भरे जल की निकासी करवाकर फिर से तली का समतलीकरण आदि का कार्य बाद में पूरा करा दिया जाएगा। छोटी काशी में चैत और सावन में पूरे माह मेला रहता है। इस बार शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण कार्य के कारण चैत में गोकर्ण तीर्थ में जल न होने से दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को नहाने की दिक्कत हुई। जन आस्था का प्रतीक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल शिव मंदिर कॉरिडोर भव्य, दिव्य, अलौकिक बने, इसके लिए लिए विधायक अमन गिरि प्रयासरत हैं। वह समय-समय पर सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण कर काम करा रहे अधिकारियों, कर्मचारियों को दिशा निर्देश देकर कार्य को गुणवत्तापरक और शीघ्रता से कराने के लिए कहते हैं।

विधायक के निर्देश पर पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था को गोकर्ण तीर्थ में सावन से पूर्व गोकर्ण तीर्थ के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा कराकर उसमें जल भरवाने को निर्देशित किया है, ताकि श्रद्धालु व कांवड़िया गोकर्ण तीर्थ के निर्मल जल में स्नान कर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर सकें। उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए कार्यदायी संस्था रीना कंस्ट्रक्शन के अधिकारी, कर्मचारी और ठेकेदार तेजी से कार्य करने में जुट गए हैं।



छोटी काशी का गोकर्ण तीर्थ। ● अमृत विचार

### गोकर्ण तीर्थ पर होने हैं यह कार्य

**गोला गोकर्णनाथ।** छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर के पास बने गोकर्ण तीर्थ सरोवर में म्यूजिक वाटर शो का निर्माण, जल को स्वच्छ रखने के लिए ऑक्सीडेशन प्लांट, तीर्थ की सीढ़ियों पर डेकोरेटिव लाइट्स, सेल्फी पॉइंट्स, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए आधुनिक बेंच लगवाई जाएंगी। यहां जल भरने के बाद रात का नजारा देखने लायक होगा।

## तहसीलदार कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारी का वीडियो वायरल

- सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने अधिकारियों को भेजी शिकायत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** तहसीलदार सुखवीर सिंह की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारी दाखिल खारिज वादों की पत्रावलियों में धड़ल्ले से आदेश टाइप किए जाने का वीडियो वायरल होने पर सेट्रल बार एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष ने अधिकारियों को शिकायत भेजी है।

सेट्रल बार एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष लालबिहारी वर्मा का कहना है कि तहसीलदार के कार्यालय को प्राइवेट कर्मचारी प्रदीप सक्सेना चला रहे हैं, जो सरकारी मुकदमों में अवैध आदेश पारित करेंगे तो आम जनता को न्याय मिलना संभव नहीं होगा। तहसील में अधिकारी शासन के आदेशों, नियमों, कानून को ताक पर रखकर अपना जंगलराज चला रहे हैं। उनका कहना है कि तहसीलदार सुखवीर सिंह बहुत ही सख्ती से मुख्यमंत्री के आदेशों, शासन के नियमों का पालन करा रहे हैं। ऐसे में प्राइवेट कर्मचारी से गोपनीयता भंग हो रही है। श्री वर्मा ने अधिकारियों से जांच कराकर दोशी प्राइवेट कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में तहसीलदार सुखवीर सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नॉट रिचेबल रहने के कारण उनका पक्ष ज्ञात नहीं हो सका।



तहसीलदार कार्यालय में आदेश टाइप करता प्राइवेट कर्मचारी।

# झमाझम बारिश होने पर गर्मी से मिली राहत

- बारिश से सड़कों पर जलभराव लोगों के लिए बना मुसीबत
- तीन डिग्री न्यूनतम और चार डिग्री गिरा अधिकतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** चिलचिलाती धूप और उमस वाली गर्मी से परेशान शहरवासियों के लिए मंगलवार का दिन राहत भरा रहा। अलसुबह अचानक मौसम बदलने के साथ तेज हवाएं चलनी लगीं और कुछ देर बाद बारिश होने लगी। करीब एक घंटे की बारिश से दिन भर मौसम खुशनुमा रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश की वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई।

मंगलवार सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। बादल छाने के साथ तेज हवाएं चलने लगी। इसके कुछ देर बाद तेज हवाओं संग झमाझम बरसात शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। बच्चों ने बारिश में भीग कर मौसम का लुत्फ उठाया। हालांकि इस दौरान नाले नालियों के उफनाने से सड़कों पर पानी भर गया। इससे राहगीर सड़कों पर भरे गंदे पानी से होकर आने-जाने के लिए मजबूर रहे। झमाझम बारिश और ठंडी हवाओं से न्यूनतम तामपान तीन डिग्री सेल्सियस गिरकर 26 रिकार्ड हुआ तो वहीं अधिकतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस गिरकर 36 दर्ज हुआ।कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर भी कई जगह जलभराव हुआ। हाईवे चौड़ीकरण के स्थान पर मिट्टी-मलबा फैलने से वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा।

**नाला उफनाने से बनी जलभराव की समस्या :** मंगलवार को बरसात से खीरी रोड का नाला उफन गया। इससे नाले का मलबा और गंदा पानी सड़कों पर भर गया। खीरी रोड से आवागमन करने वालों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। कुछ ऐसा ही हाल रोडवेज बस अड्डा, सीतापुर रोड से लेकर शिवकॉलोनी, गंगोत्रीनगर सहित अन्य निचले मोहल्लों में रहा। बारिश थमने के बाद पानी तो बह गया, लेकिन कचरा और कीचड़ सड़क पर रहने से नगरवासियों को परेशान होना पड़ा।



सुबह बारिश रुकने पर हल्की बूंदाबांदी में गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

### किसानों को मिली राहत

मंगलवार को जिले के कुछ ही हिस्सों में बरसात हुई। करीब एक घंटे की बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। इस बारिश से सबसे ज्यादा लाभ धान और गन्ना किसानों को हुआ है। गन्ने की जहां सिंचाई हो गई तो वहीं किसानों ने धान लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।



सीएमओ ऑफिस के सामने सड़क पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### हनुमान मंदिर पर आठ दिवसीय धनुष यज्ञ मेला शुरू

**गोला गोकर्णनाथ।** अलीगंज में हनुमान मंदिर पर आठ दिवसीय मेला शुरू हो गया है, जिसका समापन नौ जून को होगा। मेला आयोजक बजरंग सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हनुमान मंदिर का मेला अति प्राचीन है। जेठ के चौथे मंगल को श्रद्धालुओं ने भंडारा कराया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने शरबत, हलुवा, पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि सोमवार को अखंड पाठ से शुरू होकर मंगलवार का पाठ का समापन हुआ।

JCMST
Estd. 2000
JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# जेहि बिधि नाथ होई हित मोरा, करहु सो बेगि दास मैं तोरा

## ज्येष्ठ का बड़ा मंगलः भक्तों ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना, मांगी मनौती, जिले भर में सजे पवनपुत्र के दरबार, भंडारों में बांटा गया प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर जिले भर के मंदिरों में कार्यक्रमों की धूम रही। मंदिरों से लेकर सार्वजनिक स्थलों में सुंदर कांड से लेकर हनुमान चालीसा एवं बजरंग बाण का पाठ किया गया। भक्तों ने विधि विधान से केसरीनंदन का पूजन कर राहगीरों को शरबत, बूंदी, सब्जी पूड़ीं, कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया।

चौथे बड़े मंगल को लेकर सोमवार शाम से ही मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई थीं। इसके अलावा रोडवेज बस अड्डा, रेलवे स्टेशन के सामने पेट्रोल पंप, विकास भवन के सामने हनुमान मंदिर आदि जगहों पर भंडारे के आयोजन को लेकर भक्तों ने सुबह से तैयारियां शुरू कर दीं। रोडवेज बस अड्डे पर एआरएम गीता सिंह ने परिचालकों के साथ केसरीनंदन का पूजन कर आरती उतारी और फिर कन्याओं को भोज कराया। इसके बाद भंडारे का आरंभ कर रोडवेज स्टाफ ने भक्तों को बूंदी और पूडी सब्जी का प्रसाद वितरित किया। पूर्व केंद्र प्रभारी नरेंद्र सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, राघवेंद्र सिंह, प्रभात अवस्थी, रवि शंकर शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उधर, रेलवे स्टेशन के सामने पेट्रोल पंप पर भक्तों को कढ़ी चावल वितरित हुआ। युवराज दत्त महाविद्यालय की पंजाब नेशनल बैंक शाखा के प्रबंधक गौरव मिश्रा ने भंडारे का आयोजन कर भक्तों को बूंदी प्रसाद वितरित किया। प्रसाद वितरण में नम्रता निगम, राजपाल गांधी, प्रियांशु गौरव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


वाईडी कॉलेज की राहगीरों को प्रसाद देते पीएनबी शाखा के लोग। ● अमृत विचार


रोडवेज बस अड्डे पर बजरंग बली का पूजन करती एआरएम गीता सिंह। ● अमृत विचार


राहगीरों को सब्जी पूड़ी व बूंदी प्रसाद वितरित करते परिचालक। ● अमृत विचार

**भानपुर।** ज्येष्ठ के बड़े मंगल को गांव और कस्बों में भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भानपुर में कोटेदार चंद्रकांत गुप्ता ने छोले, चावल व हलुवा का प्रसाद वितरित किया। उधर, धर्मेश राजपूत ने पूड़ी-सब्जी वितरित कीं। दुर्गा मंदिर में भक्तों ने शरबत आदि वितरित किया। नन्हे, नरेश सक्सेना, रामकिशोर वर्मा, मुकेश विशकर्मा, पवनेश वर्मा, नन्हे वर्मा, धर्मेश राजपूत, आदित्य राजपूत आदि मौजूद रहे।

**मैंगलगंज।** कस्बे की खखरा मोड़ के पास न्यू धर्मेंद्र इंटरप्राइजेज के मालिक अभिषेक सिंह तोमर और उनके पिता धर्मेंद्र सिंह ने भंडारा कर राहगीरों को पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया।

**रजागंज।** कस्बा में उमेश वर्मा ने अपने आवास पर पंडित नीरज शुक्ल से संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ कराया। इसके बाद हुए भंडारे में भक्तों को सब्जी-पूड़ी वितरित की गईं। राधेश्याम वर्मा, राकेश वर्मा, डॉ. ओमदीन, डॉ. अमर सिंह, राजकिशोर, महेश चंद्र, शिवम वर्मा, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे। उधर, गांव करनपुर में हनुमान मंदिर पर अनुराग मिश्रा ने हलुआ प्रसाद वितरित किया। देवेन्द्र मिश्र, देवचरन मिश्रा लेखपाल अरविंद मिश्रा सुरजीत सिंह,रामू मिस्त्री, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

**खीरी टाउन।** कस्बे के प्राचीन बूढ़ी माता मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। मंदिर परिसर में स्टॉल लगाकर लोगों को पूड़ी सब्जी हलुवा का प्रसाद का वितरण किया गया। राकेश वर्मा, लवकुश सिंह, अश्वनी शर्मा, विजय गांधी, विमलेश शर्मा एडवोकेट, दिलीप आदि ने हनुमान की पूजा अर्चना की और प्रसाद का भोग लगाया गया। दूसरी ओर भंडारे में हिंदू-मुस्लिम एकता की झलक दिखाई दी। कस्बे के समाजसेवी डॉ. सलीम खान, आरिफ अली, बसिद खान आदि ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## बड़े मंगल पर गूंजे बजरंगबली के जयकारे



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** जेठ के चौथे बड़े मंगल पर नगर में कई जगह भंडारे हुए। श्रद्धालुओं के साथ राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और शरबत पीकर प्यास बुझाई। सुबह से ही घरों, मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड के पाठ हुए। मंदिरों में हनुमान जी के दर्शनार्थ सुबह से ही तांता लगा रहा। लखीमपुर रोड पर हनुमान मंदिर, लक्ष्मीनगर कॉलोनी स्थित धर्मेशवर नाथ मंदिर, खुटार रोड पर श्रीराम जानकी मंदिर, सब्जी मंडी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, नीलकंठ मैदान में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, पंजाबी कॉलोनी में ऋषि आश्रम के पंचमुखी हनुमान मंदिर, मोहम्मदी रोड पर कंजा बाबा देवस्थान, लखीमपुर रोड पर हाइडल के पास, अर्जुन नगर कॉलोनी गेट पर, नानक पुलिस चौकी के पास, स्टेशन रोड, खुटार रोड, अलीगंज रोड आदि स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं, जन सहयोग, मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के सहयोग से सुंदरकांड पाठ हुए और भंडारे का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। नगर के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने सबीले लगाकर राहगीरों को शरबत, कोल्ड ड्रिंक पिलाया। नगर के त्रिलोक गिरि मंदिर में विधायक अमन गिरि ने संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन कराया। विधायक और भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने श्रद्धालुओं को स्वयं पूड़ी, सब्जी, कढ़ी, चावल, छोले का प्रसाद वितरित किया। सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे में लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, तहसीलदार सुखवीर सिंह, आशीष सिंह डब्बू, मधुसूदन गिरि, अजय गिरि, सुरेंद्र शर्मा, रामगुलाम पांडे, प्रदीप मिश्रा, अवधेश मिश्रा, बैजनाथ अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य आलोक मिश्रा, डॉ. पीयूष शुक्ला, सभासद अमन अवस्थी, कफील अहमद, आनंद सोनी सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। सब्जी मंडी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बजरंग बली का छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। शाम को सुंदरकांड पाठ हुआ। भूतनाथ मंदिर के पास सुनील कश्यप और वाजपेयी पान भंडार ने भंडारे कराए।

## शारदानगर पहुंची हनुमत पदयात्रा, लगाया सवा क्विंटल लड्डू का भोग



धौरहरा। कफारा गांव के प्रसिद्ध श्री लीलानाथ मंदिर से 15 किलोमीटर दूर शारदानगर बालाजी मंदिर पहुंची श्री हनुमत पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य श्री महावीर बजरंगबली को सवा क्विंटल के लड्डू का भोग लगाया। कफारा गांव से निकलने वाली यह आठवीं पदयात्रा है। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के कफारा गांव से शारदानगर श्री बालाजी महाराज के दरबार के लिए अष्टम हनुमत पदयात्रा अधिवक्ता कौशल तिवारी के नेतृत्व निकाली गई। यात्रा का आरंभ शिक्षा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने किया। श्री हनुमत पदयात्रा में शामिल भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने 15 किलोमीटर दूरी पैदल तय कर अपने आराध्य श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर, सवा क्विंटल के लड्डू का भोग लगाया। इस दौरान जगह जगह श्रद्धालुओं ने पदयात्रा का स्वागत किया। साथ ही शरबत और भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की। यात्रा में मुख्य रूप से कौशल तिवारी, प्रेम जायसवाल,महेश गंभीर, राकेश मिश्रा,धौरहरा पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल ,अबरार खां, संजय वर्मा विवेक सिंह,संजय दीक्षित,अश्वनी तिवारी, ओमप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## विशाल भंडारों में उमड़े बड़ी तादाद में श्रद्धालु



**निघासन,अमृत विचार :** कस्बे में बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कस्बे के झंडी, सिंगाही, ढखेरवा और पलिया रोड पर भंडारा व्यापारी और भाजपाइयों ने किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विनोद लोधी, श्यामसुंदर पांडेय, देवेंद्र कुमार, शशिकांत, दिलीप, प्रधान रामगोपाल, दिलीप शुक्ला, संजय, पंकज, दामोदर, सुनील, विनोद वर्मा, उमेश, योगेन्द्र व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे। सम्राट हॉस्पिटल के प्रोपाइटर पंकज मौर्य ने हलुआ छोला और चावल खिलाया

## कुकरा में हनुमान भक्तों ने भंडारे में बांटा हलुवा, पूड़ी-सब्जी का प्रसाद



**कुकरा, अमृत विचार :** हनुमान भक्तों ने कुकरा, हजरतपुर, खजुहा सिकंदरपुर, पहाड़पुर, ग्रंट नंबर तीन, खंजनपुर, पहाड़नगर, ढाका, सहित आदि तमाम जगहों पर भंडारा कराया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हलुवा, पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया। इसके अलाना शरबत, शीतल पेयजल भी उपलब्ध कराया। इसदौरान इंतजामिया कमेटी में सुमित शुक्ला, शिवानी देवी, फूलमती, मंजेश कुमारी, सीमा देवी, विपिन कुमार, राकेश पांडे, अवतार सिंह, देवी, रोहित कुमार, रामरतन, राकेश मंडल, आदर्श कुमार, मनीष कुमार, राजाराम आदि हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मंगलवार को मितौली कस्बे के प्राइवेट बस स्टैंड पर हाई ब्लड प्रेशर को लेकर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राहगीरों को हाई ब्लड प्रेशर के कारण, बचाव और लक्षण के साथ तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।


नुक्कड नाटक में उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी देते कलाकार। ● अमृत विचार

- मितौली कस्बे के बस स्टैंड परिसर में हुआ नुक्कड़ नाटक

सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि राहगीरों को उच्च रक्तचाप से लेकर तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देने के लिए मंगलवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराया गया है। बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने उच्च रक्तचाप के लक्षण, कारण और बचाव के साथ तंबाकू उत्पाद से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर बचाव का तरीका बताया। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि 17 मई से उच्च रक्तचाप माह मनाया जा रहा है। इसके तहत जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसमें एनसीडी टीम के अलावा बीपीएम मोहम्मद तैय्यब सिद्दीकी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## दुर्गा माता मंदिर पर स्टॉल लगाकर पिलाया शरबत

**मझगई, अमृत विचारः** गांव धोबीपुरवा में मां दुर्गा मंदिर पर नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ चल रहा है। सातवें दिन मंदिर परिसर में रिक्खीपुरवा निवासी रितिक दिवाकर ने यज्ञशाला की परिक्रमा व आए श्रद्धालुओं व राहगीरों के लिए प्याऊ लगाकर ठंडा मीठा शरबत पिलाया। बौधिया क्रेशर,पृथ्वी पुरवा, बम्हनपुर ,नौगवां, मझगई बस्ती पुरवा आदि जगहों पर शरबत हलुवा, पूड़ी-सब्जी के भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पंकज दिवाकर, हरीश कुमार, प्रदीप कुमार, राजू, मातादीन, संजय, आलोक आदि मौजूद रहे।

## दो पुलिस चौकियों में इंचार्ज की कुर्सियां खाली

संवाददाता, केशवापुर

- फरियादी थाने के चक्कर लगाने को मजबूर
- सिपाहियों के भरोसे चौकियों की जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांवों में इन दिनों न्याय पाना आसान नहीं है। थाना क्षेत्र की दो चौकियों अजान और ढकवा में चौकी इंचार्ज की तैनाती न होने से चार-चार आरक्षियों के भरोसे ही उस क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। फरियादियों को न्याय की आस में 20 से 25 किलोमीटर दूर थाने के चक्कर काटने पड़ते हैं।

अजान चौकी के तहत छोटे-बड़े 53 गांव हैं, जिसमें 50 हजार से ज्यादा की आबादी और एक बैंक, स्टेट हाईवे पर राहगीरों की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी इन्हीं चार पुलिस कर्मियों के कंधों पर है। लगभग यही हालत ढकवा पुलिस चौकी की है, जो करीब 20 किलोमीटर लंबाई में फैली ढकवा पुलिस चौकी में करीब 35 गांव हैं, जिसमें 40 हजार से ज्यादा आबादी पर केवल चार आरक्षियों को ही तैनात किया गया है।


इस क्षेत्र में एक बैंक सहित कई धार्मिक स्थल, स्कूल कॉलेज और काफी एरिया जंगल से लगा है। चौकी क्षेत्र के फरियादियों को अपनी शिकायतें लेकर चौकी से थाने के चक्कर काटने पड़ते हैं। स्थाई चौकी इंचार्ज न होने के कारण एक ही उपनिरीक्षक के कंधों पर कई हलकों की जिम्मेदारी है। अजान के वर्तमान चौकी इंचार्ज आरिफ त्यागी मुरादाबाद ट्रेनिंग के लिए गए हैं, जबकि ढकवा चौकी की कुर्सी तीन माह पूर्व सतीशचंद्र यादव के प्रमोशन के साथ स्थानांतरण हो जाने से रिक्त है। वर्तमान में इन दोनों चौकियों का अतिरिक्त प्रभार उप निरीक्षक अशोक सिंह के पास है, जिनका ज्यादातर समय थाने से लेकर चौकियों तक आने-जाने में व्यतीत हो जाता है।

> हैदराबाद थाने में पुलिस फोर्स में कमी के चलते चौकियों पर आरक्षियों की संख्या कम है। अभी किसी चौकी इंचार्ज या उपनिरीक्षक को थाने में भेजा नहीं गया है, जिससे कोई स्थाई चौकी प्रभारी नहीं है।
> –प्रवीर गौतम, थानाध्यक्ष हैदराबाद।

## दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर दी आपूर्ति

**मझगई, अमृत विचारः** कस्बा बम्हनपुर में रविवार रात दो ट्रांसफार्मर फुंक गए थे। विभाग ने दोनों ट्रांसफार्मर नये लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल की। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिली। पलिया-निघासन स्टेट हाईवे से सटे बम्हनपुर में कब्रिस्तान वाले रास्ते पर एक खंभे पर दो ट्रांसफार्मर लगे हैं। तीन दिन पहले ओवरलोड के चलते दोनों ट्रांसफार्मर फुंक गए। जेई सुभाष कश्यप ने दोनों ट्रांसफार्मर को रविवार की सुबह बदल दिया लेकिन रात 11 बजे दोनों ट्रांसफार्मर फिर फुंक गए। जेई सुभाष कश्यप ने बताया कि फुंके ट्रांसफार्मरों को बदल कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।


सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177



सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे किसान की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव मोहम्मदपुर में आसमान में कड़की बिजली की चपेट में आकर खेत में काम कर रहे किसान की मौत हो गई। गांव मोहम्मदपुर कैमहरा निवासी अब्बास (45) मंगलवार की सुबह खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच हल्की बूंदाबांदी के बीच आसमान में कड़की बिजली की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उन्हें आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने अब्बास को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी की।

### मारपीट की तीन के नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी प्रतिमा तिवारी पत्नी प्रवेश तिवारी ने बताया कि वह सुबह पांच बजे अपने ताऊ राजकिशोर तिवारी पुत्र मालती प्रसाद तिवारी के प्लाट पर झाड़ू लगा रही थी, तभी गांव के ही दिनेश कुमार पुत्र शालिग्राम, छोटू तिवारी उर्फ रामजी पुत्र दिनेश कुमार और रचना देवी पत्नी दिनेश कुमार आए और कारखाने वालों की प्लांट पर कब्जा नहीं होने देंगे कहकर रामजी और रचना ने उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने 1090 पर फोन भी किया था। पुलिस ने तीन आरोपियों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मारपीट में एक नामजद दूसरे अज्ञात पर रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट करने के मामले में एक महिला के नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी मीना देवी पत्नी रामस्वरूप ने बताया कि वह शाम सवा सात बजे मरघट रोड मोहल्ले की गली में टहल रही थी, तभी सामने से बाइक पर चंदा देवी निवासी मैकूपुर थाना मैलानी और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी आंख के पास लोहे की राड मार दी, जिससे वह जख्मी हो गई। उनके शोर मचाने पर वह लोग वहां से उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसने बताया कि चंदा देवी से उसकी पुरानी रंजिश है और उसे जानमाल का खतरा है। इससे पहले भी वह उसे जान से मारने की धमकियां दे चुकी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट पथराव में तीन लोग हो गए घायल

## विरोध करने पर दुकान मालिक और दो अन्य साथियों को पीटा, पुलिस व फायर ब्रिगेड तैनात

संवाददाता, खीरी टाउन

**अमृत विचारः** कस्बा व थाना खीरी के मोहल्ला हनिया टोला में सोमवार रात बवाल हो गया। शादी समारोह में शामिल होने आए कुछ युवकों ने एक चूड़ी की दुकान में तोड़फोड़ कर दी। दुकान मालिक और उसके दो अन्य साथियों के साथ मारपीट की। इस दौरान दोनों पक्ष आमने सामाने आ गए और उनमें जमकर मारपीट होने के साथ पथराव शुरू हो गया। करीब एक घंटे तक ईंट-पत्थर चलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठियां-फटकार कर बवाल पर काबू पाया। तनाव को देखते हुए कस्बे में पुलिस फोर्स के साथ फायर ब्रिगेड को भी तैनात किया है।

सोमवार रात कस्बे के मोहल्ला हानिया टोला निवासी अवधेश की लड़की की शादी पास के रहने वाले भीम के लड़के अनुज के साथ हो रही थी। जिसके चलते रात लगभग 11 बजे भीम बरात लेकर सदर चौराहे से अवधेश के घर जा रहा था। तभी बरात में शामिल कुछ युवकों ने रास्ते में लईक की चूड़ी की दुकान के पर्दे फाड़ दिए। वहां मौजूद दुकान मालिक के पुत्र आकिल ने पर्दे फाड़ने का विरोध किया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। बात इतनी बढ़ गई कि बरातियों ने आकिल को पकड़ लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी।

आकिल ने मोबाइल से परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर परिवार के लोग और उसके दोस्त भी आ गए। इस पर दोनों पक्षों के बीच एक बार फिर विवाद ने तूल पकड़ लिया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। इससे मोहल्ले में भगदड़ मच गई। मोहल्ले के लोगों ने प्रभारी निरीक्षक को मोबाइल पर सूचना देने की कोशिश की, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ था।

यूपी 112 पुलिस को सूचना दी गई। यूपी 112 व थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन भयंकर तरीके से हो रहे पथराव के कारण वह दूर खड़ी रही। किसी तरह मौके तक पहुंची पुलिस ने सड़क पर लाठियों फटकार कर हालात पर काबू पाया। मारपीट और पथराव से घायल आकिल, अरमान और शालू को एंबुलेंस 108 से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

घायल शालू के भाई सनी ने बताया कि घायल शालू का इलाज चल रहा है, लेकिन उसकी हालत काफी नाजुक है। पुलिस ने घायल दुकान स्वामी के बेटे आकिल की तहरीर पर मोहल्ला बुखारी टोला निवासी लाला, अमित व अन्य साथी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क

अलग-अलग समुदायों के दो पक्षों के बीच मारपीट, पथराव की घटना के बाद कस्बे में तनाव बना है। इसको लेकर पुलिस और प्रशासन सतर्क है। हालात तनावपूर्ण होने के कारण कस्बे में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा फायर ब्रिगेड को भी लगाया गया है। पुलिस की टीमें पैदल गश्त कर हालातों पर नजर रख रही हैं।

> घायल आकिल की तहरीर पर दो युवकों को नामजद कर कई अन्य लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जिससे आरोपियों की पहचान कर सभी को गिरफ्तार किया जाएगा। - **विवेक उपाध्याय**, प्रभारी निरीक्षक, थाना खीरी।

- **समारोह में शामिल युवकों ने चूड़ी की दुकान में की तोड़फोड़**

# भगहर झील में नाव डूबने से एमबीबीएस के छात्र की मौत, एक की हालत गंभीर



- **ग्राम प्रधान का पुत्र मोहम्मद कैफ नोएडा में कर रहा था पढ़ाई**



मृतक के घर पर परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे एसडीएम राजीव निगम।

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** पढुआ थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार गांव में मंगलवार को भगहर झील में नाव पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया। नाव पर सवार दो लोग झील में डूब गए। काफी देर तक की गई तलाशी के बाद दोनों को झील के पानी से निकाला जा सका। हादसे में गांव के ही एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके चचेरे भाई की हालत गंभीर है। एसडीएम राजीव निगम ने मौके पर जाकर हादसे की जानकारी ली।

क्षेत्र के गांव सेमरा बाजार निवासी ग्राम प्रधान मोबीन अहमद का 19 वर्षीय पुत्र मोहम्मद कैफ अपने 14 वर्षीय चचेरे भाई जावेद आलम के साथ पड़ोस में ही मोहनापुर झील के पास गया था। वह दोनों लोग झील में पड़ी नाव में सवार हो गए।

बताया जाता है कि नाव टूट गई और पानी में डूब गई। सूचना के बाद आनन-फानन तमाम लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया गया। काफी देर बाद दोनों को पानी से निकाला जा सका। परिजन आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मोहम्मद कैफ को मृत घोषित कर दिया। जावेद आलम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है। प्रधान पुत्र मोहम्मद कैफ एमबीबीएस का छात्र था, जो नोएडा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। छुट्टियों में एक हफ्ते पहले घर आया था।

एसडीएम राजीव निगम पहले घटना स्थल और फिर मृतक के घर पहुंचे। परिजनों से मिलकर हालात का जायजा लिया और ढांढस बंधाया। परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने की बात कही। अचानक हुई मौत से रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में मातम छा गया।

# सीतापुर में हाईवे पर पलटी कार, डूडा के पीओ की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



- **कार में सवार कानपुर निवासी कर्मचारी गंभीर घायल**

**अमृत विचारः** जिले में तैनात डूडा के परियोजना अधिकारी की मंगलवार सुबह सीतापुर जिले में हाईवे पर कार पलट गई। इससे उनकी मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सीतापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

जिला बस्ती के गांव पेंदा निवासी डॉ. अजय कुमार सिंह जिले में डूडा में परियोजना अधिकारी पद पर तैनात थे। मंगलवार सुबह जिले में आते समय उनकी कार सीतापुर में परसेहरामाल के पास अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खाई में पलट गई। हादसे में डूडा परियोजना अधिकारी और कार में सवार कानपुर निवासी कर्मचारी नितेश कुमार पटेल घायल हो गया। मौके पर पहुंची सीतापुर पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने परियोजना अधिकारी को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि डूडा पीओ सोमवार को लखनऊ में रह रहे परिवार से मिलने गए थे। मंगलवार को दुधवा में आयोजित राज्यपाल की बैठक में शामिल होना था। इसलिए वह कार से लखीमपुर आ रहे थे। डूडा पीओ की मौत की खबर के बाद भी कोई जिला स्तरीय अधिकारी पोस्टमार्टम हाउस नहीं पहुंचा। इसकी चर्चा लोगों में आम रही।

### पुत्र और पत्नी ने की थी आत्महत्या करने की कोशिश

बताते हैं कि सड़क हादसे में पति की मौत की सूचना मिलने से पत्नी इस कदर टूट गईं कि उन्होंने लखनऊ में पुत्र के साथ रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन किसी तरह लोगों ने दोनों को बचाकर ढांढस बंधाया। फिलहाल बख्शी का तालाब इंस्पेक्टर ने इस तरह के मामले से इनकार किया है।

## अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर पंचायत भीरा निवासी मुबारक पुत्र पीरा ने बताया कि उसका चचेरा भाई आरिफ और उसकी पत्नी मेराज बानो बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। अलीगंज मालपुर रोड पर रसूलपनाह गांव में पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी पत्नी मेंराज बानो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और आरिफ गंभीर घायल हो गया। घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कोतवाली के पास घर से नकदी व 25 लाख के जेवर चोरी

संवाददाता, मैगलगंज

- **पड़ोसी की छत से घर में दाखिल हुए चोर, दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

**अमृत विचारः** चोरों ने अब थाना मैगलगंज क्षेत्र में भी दस्तक दे दी है। सोमवार रात कोतवाली से 100 मीटर दूरी पर गांव धर्माखेड़ा में एक घर में घुसे चोर 36 हजार रुपये की नकदी और करीब 25 लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया है, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उधर, मंगलवार सुबह घटना स्थल से कुछ दूरी पर बने पैरों के निशानों को मिटाते हुए ग्रामीणों ने दो संदिग्धों को दबोच लिया और पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

गांव धर्माखेड़ा निवासी पिल्लू मिश्रा ने बताया कि वह चार भाई हैं। माता-पिता के साथ सभी भाइयों का संयुक्त परिवार है और एक ही मकान में रहते हैं। सोमवार की रात करीब एक बजे तक परिवार के लोग जागते रहे।

इसके बाद सभी लोग सो गए। रात में किसी समय पड़ोसी के मकान की छत के सहारे चोर उनके घर में घुस आए। कमरों में अलमारी, बक्सों आदि का ताला तोड़कर 36 हजार रुपये की नकदी समेत घर में रखे सभी भाइयों और मां के जेवरों को मिलाकर करीब 25 लाख रुपये के जेवर चुरा ले गए। घटना की जानकारी सुबह करीब चार बजे हुई। कमरों के दरवाजे खुले देख उनके होश उड़ गए। जब कमरों में गए तो देखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी व बक्सों के ताले टूटे थे। उनमें रखे जेवर और नगदी गायब थी। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस छानबीन कर रही है। दो संदिग्ध मिले हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उधर, मंगलवार सुबह ग्रामीणों की नजर घटना स्थल से कुछ दूरी पर कच्ची जमीन पर बने पैरों के निशानों को मिटा रहे दो युवकों पर पड़ी। ग्रामीणों ने दोनों को घेर कर दबोच लिया। ग्रामीणों ने दावा किया कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में ग्रामीणों से घटना में शामिल होने कबूल किया है। साथ ही अपने एक अन्य साथी का भी नाम बताया है। ग्रामीणों ने दोनों संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली संविधान बचाओ रैली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी




संविधान बचाओ रैली निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान के तहत मासिक बैठक हुई, जिसमें निवर्तमान पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के बाद पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा की अगुवाई में संविधान बचाओ रैली निकाली, जो कांग्रेस कार्यालय से चलकर बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंची। यहां बाबा साहिब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपनाए है 1 आज देश का हर वर्ग इनकी नीतियों से त्रस्त है। इनके नेताओं द्वारा आए दिन संविधान का मखौल उड़ाया जाता है। बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। हम सब कांग्रेसजनों को एकजुट होकर जनता के बीच उनके कारनामों का पर्दाफाश करना होगा।

जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि पार्टी संगठन को लेकर बहुत ही संजीदा है। अति शीघ्र जनपद की सभी कमेटियों का गठन पूरा हो जाएगा। हर पदाधिकारी को जनता के बीच भाजपा सरकार की कुरीतियां व कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करना होगा। बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष इकबाल अहमद खान, दीपक वाजपेयी, शक्ति शरण गौतम, नवाज खान, सचिन शाह, रवि तिवारी आदि ने संबोधित किया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राज नारायण मिश्रा और कंपनी बाग पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जमाल अहमद, सगीर अहमद डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी, अभय प्रताप सिंह अनु मिश्रा, प्रेम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### दो घरों से चार लाख की चोरी

**निघासन।** पढुआ थाना के नौवापुर सानी निवासी इतवारी और जगजीवन के घरों को चोरों ने निशाना बनाया। इतवारी के घर से चोर पांच हजार की नकदी, सोने के एक जोड़ी झाला, पांच पैंडल, एक झुलनी, एक अंगूठी और चांदी की दो जोड़ी पायल चुरा ले गए। जगजीवन के मुताबिक चोर उसके घर से 10 हजार रुपये और 50 हजार के जेवर आदि सामान ले गए। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत है।

### मामूली कहासुनी में बाइक सवार ने कार के तोड़े शीशे

**रोशननगर, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद की अजान चौकी क्षेत्र के गांव अजान निवासी अखिलेश वर्मा कार लेकर कहीं गये थे। वापस आने पर कार के सामने चल रहे बाइक सवार से गाड़ी ओवरटेकिंग को लेकर कहासुनी हो गई। कार स्वामी अखिलेश वर्मा अपनी कार को अजान कस्बे में पंचर की दुकान के सामने खड़ी कर हवा डलवाने लगे। इस दौरान बाइक सवार कार के शीशे तोड़ने लगा और युवक बाइक समेत भाग निकला। कार स्वामी ने घटना की सूचना फोन से पुलिस को दी, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। तब लोगों ने बताया की पुलिस चौकी अजान में कोई सिपाही नहीं है, सभी पुलिसकर्मी विशेष ड्यूटी में गये हैं। कार स्वामी को लोगों ने बताया कि गाड़ी के शीशे तोड़ने वाले युवक का नाम विशाल निवासी मूड़ा जवाहर है।

### पुलिस के सामने महिला व परिजनों को पीटा

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के गांव सिसौना निवासी रिजवाना पत्नी शकील ने बताया कि उसका गांव के अशोक से रास्ते को लेकर विवाद था, जिसकी उसने शिकायत पुलिस चौकी रामापुर में की थी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। जब चौकी से दो सिपाही समझौता लागू कराने मौके पर पहुंचे। तभी अशोक, सतीश, रामू, सत्यम, अरुण ने कई अज्ञात लोगों के साथ उस पर हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। परिवार के लोग बचाने दौड़े तो उनको भी पीटा। हमलावरों की पिटाई से छह लोग चोटिल हुए हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2983101, इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0424025, बीए अंकपत्र अनुक्रमांक 1302235, बीएड अंकपत्र अनुक्रमांक E138096503 एवं एमए अंकपत्र अनुक्रमांक 1430059 वास्तव में कहीं खो गये है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले हैं। अजीत सिंह पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी ग्राम बडरा कासमपुर पो. सुकुटिया मढ़ी तह. फरीदपुर जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित व उसकी पत्नी सूर्यकला को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। रमेश चन्द्र पुत्र स्व. राम किशन निवासी मोहल्ला माली कस्बा फतेहगंज (प.) तहसील मीरगंज जिला बरेली

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हमारा पम्प गंगा फिलिंग स्टेशन, पताः- ग्राम गुटेटी उत्तर शमशाबाद रोड, तह. कलान जिला शाहजहांपुर उ.प्र. जिसकी पंजीकरण सं. SHA/0013700 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 04.01.2022 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म में दो साझेदार नक्षत्रपाल सिंह पुत्र श्री कबितान सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर पो. सिंगहा युसुफपुर तह. कलान जिला शाहजहांपुर व श्रीमती राजेश्वरी पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार सिंह नि. ग्राम व पो. नई बस्ती तह. कलान जिला शाहजहांपुर उ.प्र. साझेदार है। अब दोनों साझेदार दिनांक 26.05.2025 अपने व्यक्तिगत कारणों से अपनी फर्म बन्द कर रहे हैं। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है उक्त विघटन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गयी हैं।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनाती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

> प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैं: "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साजिश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।

राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और खतरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस


बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

-फेसबुक वॉल से

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा – बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलएफ़. 7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वस्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# विहिप-बजरंग दल पर अभद्र टिप्पणी में नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ऑल इन्डिया मजलिस इन्तेहादुल मुस्लमीन के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने सोमवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। उनका ये बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हिंदू संगठनों में रोष उत्पन्न हो गया। कुछ लोगों ने एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की थी। इसके बाद प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा वीरेश भारद्वाज ने नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा वीरेश भारद्वाज ने बताया कि मौलानगर निवासी नदीम कुरैशी आल इंडिया मजलिस इन्तेहादुल मुस्लमीन के प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने सोमवार को बजरंगदल और विहिप कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के संबंध में गलत शब्द का प्रयोग किया था। इससे दोनों संगठनों और हिंदू संगठनों में रोष है। दरोगा ने बताया कि नदीम कुरैशी साम्प्रादियक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है। जिस वजह से उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### नदीम कुरैशी को मिली धमकी

नदीम कुरैशी के बयान के बाद लोगों में रोष है। अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति ने एक्स पर ट्वीट करके उनका सिर तन से जुदा करने की अपील की है। इस संबंध में नदीम कुरैशी के समर्थकों ने थाना प्रेमनगर में पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। उनके समर्थकों ने नदीम कुरैशी की सुरक्षा और परिवार की सुरक्षा के लिए इंस्पेक्टर प्रेमनगर से मांग की है।

## रोडवेज के बाहर अतिक्रमण कर रही बसें, अक्सर लगता है जाम

# सख्ती भी नहीं आई काम, हुए कई चालान..अव्यवस्था बरकरार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



रोडवेज के बाहर की तरफ मिट्टी के ढेर लगने से सकरी हुई सड़क पर गुजरता ई-रिक्शा।



रोडवेज के बाहर बस खड़ी होने पर फंसे वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रोडवेज मार्ग पर जाम की दिक्कत दूर नहीं हो सकी है। रोड पर बसे ब अन्य वाहनों के खड़े होने से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। ऐसा नहीं कि जिम्मेदार बेखबर हैं। पूर्व में वाहनों के चालान कराए गए। सख्त निर्देश जारी किए गए। मगर, बेपटरी व्यवस्था को बदला नहीं जा सका है। इसकी निगरानी कराना जिम्मेदार भूल गए। नतीजतन गरोडवेज की बसें सड़क पर खड़ी हो रही। इससे दिन में कई बार जाम के हालात बनते हैं।

शहर के रोडवेज बस स्टैंड से लेकर जिला उद्योग केंद्र तक जाने वाले रोड पर रोडवेज समेत प्राइवेट बसें और प्राइवेट वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े होते हैं। जिससे आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। उद्योग केंद्र के सामने भी तमाम प्राइवेट बसों और अन्य वाहन खड़े रहते हैं। पूर्व में इस समस्या के समाधान को कई दावे हो चुके है। तत्कालीन डीएम पुलकित खरे हो या फिर तत्कालीन एसपी दिनेश कुमार पी या फिर मौजूदा प्रशासनिक अफसर। कई बार नाराजगी जताकर बसें दूसरी जगह खड़ी करने के निर्देश दिए गए। कुछ दिन तक सब ठीक ठाक रहा। मगर इसके बाद निगरानी भूल गए और व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। बीते साल किसी वाहन से उद्योग केंद्र की बांउड्रीवॉल भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। वाहनों के खड़े होने से कार्यालय में आने-जाने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

इस मुद्दे को उद्योग बंधु की बैठक में भी उठाया गया था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने पहुंचकर कारवाई की। तीन प्राइवेट बसें नो पार्किंग में खड़ी पाए जाने पर सभी बसों का चालान कर 500-500 रुपये जुर्माना डाला गया। तीन ईको कार भी मौके पर खड़ी थी। इसमें दो ईको कार परमिट शर्तों का उल्लंघन कर संचालित होना पाते हुए दोनों का चालान कर 10-10 हजार रुपये जुर्माना डाला गया था। कुछ वाहन सीज कर दिए थे। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा लेकिन हालात जस के तस बनने में देर नहीं लगी। खासकर रोडवेज बसें सड़क पर ही खड़ी हो रहीं हैं। निजी वाहन भी इसी तरह खड़े किए गए। यह बात दीगर रही कि कार्रवाई की सुध लेने कोई नहीं पहुंचा।

### कई बार हो चुकी शिकायत

रोडवेज के बाहर सड़क घेरकर बसें खड़ी होने से जाम लगता है। रात के वक्त हादसे का खतरा रहता है। इसकी कई बार शिकायत हो चुकी है। मगर स्थाई इंतजाम नहीं हो सका है।

### इन दिनों और भी दिक्कत

इस मार्ग पर इन दिनों नाला निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में सड़क पर मिट्टी के ढेर लगे है। इससे सड़क और सकरी हो रही है। वाहनों की आवाजाही में दिक्कत के साथ हादसे का डर बना हुआ है। बारिश में परेशानी और बढ़ सकती है।

## 6 जून को यूपी पुलिस को मिलेंगे 34 नए डीएसपी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** यूपी पुलिस को 6 जून को 34 नए डीएसपी मिल जाएंगे। डॉ. भीमराव आंबेकडर पुलिस अकादमी में एक साल 15 दिन के कठिन प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को इनकी पासिंग आउट परेड होगी। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी संभावना है। उनके न आने पर डीजी ट्रेनिंग तिलोत्पमा वर्मा दीक्षांत परेड की सलामी लेंगी।

सिविल लाइंस स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी आगामी शुक्रवार को डीएसपी की पासिंग आउट परेड कराने जा रही है। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित हुए अभ्यर्थियों में से 36 को ट्रेनिंग के लिए अकादमी भेजा गया था। इनमें से दो अभ्यर्थी किसी कारण से बाद में ट्रेनिंग शुरू किए थे। शेष 34 डीएसपी 12 माह 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा कर लिए हैं। इसमें 9 महिला और 18 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। इन्हें आतंरिक और बाह्य विषयों को बारीकी से पढ़ाया गया। परीक्षा कराने के बाद गौरव उपाध्याय को सर्वांग सर्वोत्तम चुना गया है, जबकि आकांक्षा गौतम इनडोर और अवनीश कुमार सिंह आउट डोर टॉपर बने हैं।

# बालों की चोटी से गला कसकर महिला की हत्या, दुष्कर्म की आशंका

## अर्धनग्न अवस्था में गन्ने के खेत में मिला शव, नाक पर गहरी चोट के निशान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर/ मैगलगंज

**अमृत विचार:** थाना मैगलगंज क्षेत्र में सोमवार देर रात शौच करने खेतों की तरफ गई एक 28 वर्षीय महिला का अर्द्धनग्न अवस्था में शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ है। महिला की गर्दन उसके बालों की चोटी व कुर्ते के कपड़े से कसी हुई थी। नाक पर चोट के गहरे निशान थे। चेहरा खून से सना हुआ था।

पास में काफी खून पड़ा था। इससे साफ है कि महिला की पिटाई करने के बाद चोटी से गला कसकर हत्या की गई है। दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। सीओ ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस जांच कर रही है।

थाना मैगलगंज क्षेत्र की 28 वर्षीय महिला सोमवार रात करीब 10:30 बजे घर से शौच करने की बात कहकर निकली थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं पहुंची। परिवार वालों ने उसकी काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह करीब छह बजे ग्रामीण गांव के पश्चिम खेतों की तरफ गए थे। बताते हैं कि गांव से करीब दो किलोमीटर दूर एक गन्ने के खेत में उसका शव अर्द्धनग्न अवस्था में पड़ा देखा गया। शव पड़े होने की सूचना पर परिवार के लोग और तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। शव के नाक और चेहरे पर चोटों के गहरे निशान थे। कान से भी खून निकल रहा था। उसके सिर के दूसरी तरफ काफी खून खेत में पड़ा था।

गले में उसके ही बालों की चोटी और कुर्ती की पट्टी कसी थी। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चेहरे और नाक पर गंभीर चोटों के निशान और उसके गले में उसी के बालों की चोटी व चीर कसे होने से यह बात तो साफ है कि महिला की हत्या की गई है। शव के कपड़े अस्त व्यस्त होने से लोग दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आशंका जता रहे हैं। सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने फोर्स के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया।

प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि महिला को मिर्गी आने की जानकारी हुई है। पुलिस हर पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

### परिस्थितिजन्य साक्ष्य दे रहे दरिंदगी व हत्या की गवाही

**मैगलगंज।** गन्ने के खेत में जिस जगह महिला का शव पड़ा था। उससे करीब एक मीटर के दायरे में गन्ने के पौध भी टूटी पड़ी थी। मिट्टी के ढेले इस कदर फूटे थे कि जैसे पटेला लगा दिया गया हो। इससे साफ होता है कि महिला ने जान बचाने के लिए काफी देर तक संघर्ष किया होगा, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना स्थल एक से अधिक लोगों के होने की गवाही भी दे रहा है। हालांकि पुलिस इस बारे में कुछ खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं।

### शव के पास पड़ा था राजश्री तंबाकू का पाउच

किशोरी का जिस जगह शव पड़ा था, उसके पास में ही एक राजश्री तंबाकू का पाउच भी पड़ा था, जबकि उसका पानी वाला डिब्बा जमीन पर खाली शव के कुछ दूरी पर पड़ा था।

### सात माह से मायके में रह रही थी महिला

**मैगलगंज।** परिवार वालों ने बताया कि महिला का विवाह 10 वर्ष पहले मोहम्मदी कोतवाली के एक गांव से हुआ था। विवाह के बाद जन्मे पुत्र की मौत हो गई थी। ससुराल पक्ष के लोगों ने मिर्गी का दौरा आने की बात कहकर उसे घर से निकाल दिया था। तब से करीब सात साल से वह अपने मायके में ही रह रही थी।

## पीजी करने के बाद 7 डॉक्टर लापता, ब्याज के साथ होगी वसूली

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** पीजी (पोस्ट ग्रेजुएशन) की पढ़ाई पूरी करने के बाद 7 सरकारी डॉक्टर अपने तैनाती स्थलों से गायब हैं। ये डॉक्टर उच्च शिक्षा के लिए सरकारी खर्चे पर भेजे गए थे, लेकिन पढ़ाई पूरी होने के बाद ये सभी न तो ड्यूटी पर लौटे और न ही किसी प्रकार की सूचना दी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन डॉक्टरों को सेवा अनुबंध के अंतर्गत पीजी पूरी करने के बाद राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सेवा देना अनिवार्य था, लेकिन इन्होंने न तो ज्वाइनिंग रिपोर्ट दी और न ही ये किसी प्रकार से संपर्क में हैं।

विभाग अब इन डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी में है। विभाग ने इन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद इन डॉक्टरों के कार्यस्थल के बारे में कोई अधिकृत जानकारी नहीं है। इनमें से कुछ डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं तो वहीं, कुछ के विदेशों में कार्यरत होने की आशंका जताई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश पंत ने बताया कि सरकारी खर्चे पर पीजी कर फिर सेवा से बचने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ग्रामीणों को जांच कराने के लिए किया जागरूक



गांव मुरादखेड़ा में नाइट ब्लड सर्वे का निरीक्षण करने रात 11 बजे पहुंचे सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के दस ब्लॉकों में नाइट ब्लड सर्वे हो रहा है। इसका जायजा लेने के लिए सीएमओ सोमवार रात 11 बजे पलिया सीएचसी के गांव मुरादखेड़ा पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य टीम से वार्ता कर ग्रामीणों को सर्वे कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया के कीटाणु (माइक्रोफाइलेरिया वार्म) रात में ही सक्रिय होता है। ब्लड का सैंपल लेकर जांच करने में इसकी आसानी से पहचान हो सकती है। इसलिए जांच के लिए रात का समय सबसे उपयुक्त रहता है। जांच के लिए जिले भर में कैंप लगाकर स्वास्थ्य टीम ब्लड सैंपल कलेक्ट कर रही हैं। सीएमओ ने बताया कि पलिया सीएचसी के गांव मुरादखेड़ा में रात 11 बजे टीम सैंपल कलेक्ट करती मिली। इस दौरान ग्रामीणों से बात कर फाइलेरिया जांच में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसीएमओ डॉ. रवि मोहन गुप्ता, डीपीएम अनिल यादव और कार्तिकेय मिश्रा मौजूद है।

# रिजवान को कोर्ट से राहत नहीं, सरकार से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद उस्मान के पुत्र मोहम्मद रिजवान खान का ट्रांसफर उत्तरकाशी जिले में किए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।

मंगलवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके खिलाफ मुकदमा मल्लीताल थाने में दर्ज हुआ है। जब विवेचक ने इन्हें अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया तो इन्होंने उसमें कोई सहयोग नहीं किया है। राज्य सरकार ने इनका स्थानांतरण नियमों के तहत किया है। मामले के अनुसार, याचिकाकर्ता मोहम्मद रिजवान लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अपर सहायक अभियंता है। इनके द्वारा दंडात्मक और कलंकपूर्ण स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी गई, जिसके तहत उन्हें प्रशासनिक आधार पर पीडब्ल्यूडी निर्माण प्रभाग खटीमा से अस्थायी प्रभाग पीडब्ल्यूडी घनसाली उत्तरकाशी में स्थानांतरित किया गया।

याचिकाकर्ता मोहम्मद उस्मान का पुत्र है, जो नैनीताल में दर्ज हुए पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी है। याचिकाकर्ता ने न्यायालय के समक्ष दलील दी कि स्थानांतरण आदेश उत्तराखंड स्थानांतरण अधिनियम 2017 की धारा 18 (4) का उल्लंघन है। कोर्ट ने पूर्व में याचिकाकर्ता के खिलाफ विभाग द्वारा की गई सभी प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाने का आदेश पारित किया था।

## हरियाणा के शराबी पर्यटकों का हुड़दंग पुलिस ने किया चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मौज-मस्ती के लिए हरियाणा से नैनीताल पहुंचे शराबी पर्यटकों ने रात नैनीताल रोड पर राहगीरों की जान सांसत में डाल दी। बिना नंबर की थार बेतरतीब तरीके से नैनीताल रोड के चक्कर काटती और लोगों को डराती रही। शराबी पुलिस के हत्थे चढ़े तो पल भर में नशा काफूर हो गया और शराबी गिड़गिड़ाने लगे। पुलिस ने सभी को हवालात दिखाई और माफी मांगने पर चालान कर उन्हें छोड़ा।

कोतवाल राजेश कुमार यादव के मुताबिक, सोमवार रात सूचना आई थी कि बिना नंबर की थार में सवार कुछ लोग हुड़दंग कर रहे हैं। वह तेज रफ्तार में नैनीताल रोड के चक्कर काट रहे हैं और इससे राहगीरों की जान खतरे में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम ने आरोपियों को जजी के पास तब पकड़ लिया, जब वह हल्द्वानी की ओर आ रहे थे। पुलिस थार सवार छह लोगों को थाने ले आई।

# जवानों के वेतन भत्ते के मामलों का त्वरित निस्तारण होगा




वेतन लेखा कार्यालय के नवनिर्मित भवन में संबोधित करते अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंट स्थित जाट रेजिमेंटल सेंटर के निकट निर्मित वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी) के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मंगलवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक (आईडीएएस) डॉ. मयंक शर्मा ने किया। उन्होंने जवानों के वेतन एवं भत्तों के त्वरित निस्तारण के लिए कर्मचारियों से कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने का आह्वान किया। रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ आईडीएएस तरुण कुमार जाजोरिया ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस भवन में पर्याप्त कार्यालय कक्ष, कामकाजी महिलाओं के लिए आराम गृह, बच्चों के लिए क्रेच, आधुनिक तकनीक से सुसज्जित सम्मेलन कक्ष, जलपान गृह, आगंतुक कक्ष व रक्षा पेंशनर्स के लिए विशेष स्पर्श कक्ष का निर्माण किया गया है। इस दौरान स्पर्श सर्विस सेंटर का भी शुभारंभ किया गया। इसके जरिये डिजिल प्लेटफार्म पर जल्द शिकायतें निस्तारित हो सकेंगी। प्रभारी सहायक नियंत्रक मनोज कुमार ने आभार जताया।

# हेड कांस्टेबल की ट्रेन से कटकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुरादाबाद स्क्वायड ड्यूटी करके लौट रहे थे जंक्शन जीआरपी के हेड कांस्टेबल विनीत कुमार
- हेड कांस्टेबल की मौत पर पहुंचे आला अफसर, पुलिस अलग-अलग एंगल से कर रही जांच

**अमृत विचार :** जीआरपी के हेड कांस्टेबल की मंगलवार को भोर में बेगमपुरा एक्सप्रेस से ड्यूटी से लौटते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर जीआरपी और सिविल पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है।

जीआरपी इंस्पेक्टर परवेज अली के अनुसार जीआरपी बरेली में तैनात हेड कांस्टेबल विनीत कुमार यादव (27) पुत्र विनीत कुमार यादव मूलतः फर्रुखाबाद जिले के थाना क्षेत्र कंपिल के गांव बलीपुर गढ़ी निवासी थे।

वह सोमवार को स्क्वायड ड्यूटी पर मुरादाबाद गए थे और मंगलवार को भोर में करीब चार बजे बरेली लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वह गेट पर खड़े थे। जंक्शन से कुछ दूर पहले सुभाषनगर थाना के सामने ट्रेन पहुंची थी कि इसी दौरान वह ट्रेन से नीचे गिर गए।

जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया कि गंभीर हालत में विनीत को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर एसएसपी अनुराग आर्य, सीओ द्वितीय अजय कुमार, सीओ जीआरपी एके सिंह भी पहुंच गए।

विनीत के पिता सुरेश चंद्र यादव दिल्ली में आईएचसी कालेज में लिपिक पद पर कार्यरत हैं। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर पत्नी नेहा, बेटी प्रियांशी और बेटा वंशी का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

## अब तुम अच्छी नहीं लगती, कह बोला तीन तलाक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी में महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ते जा रहे हैं। तीन प्रकरणों में विवाहिताओं ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। एक मामले में विवाहिता को तीन तलाक कह घर से निकाल दिया गया। बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम किन्तूर की नगमा पुत्री असलम का निकाह शहर कोतवाली क्षेत्र के दशहराबाग निवासी मोहम्मद हसीब से हुआ था। विवाह के बाद से ही दहेज में बाइक के लिए मानसिक, शारीरिक रूप से प्रताड़ित की जा रही नगमा को 5 मार्च के दिन इस कदर मारा गया कि पांच माह की गर्भवती नगमा गंभीर रूप से घायल हो गई, उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोप है कि इसके बाद 13 मार्च को पति मोहसीब ने उसे कथित रूप से "तुम अब अच्छी नहीं लगती" कहकर तीन बार "तलाक" बोलकर घर से निकालने के साथ ही उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया।

# कस्टम इंस्पेक्टर बनकर रचाया ब्याह, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली



फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर शहजाद अहमद।

- दहेज मांगने और असलियत जानने पर पत्नी ने की थी अफसरों से शिकायत
- पुलिस ने यूट्यूबर को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ, वर्दी की तलाश

**अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर बनकर गांव की ही युवती से ब्याह रचाने वाले यूट्यूबर को मंगलवार को हिरासत में लिया है। दहेज की मांग और फर्जी सीजीएसटी इंस्पेक्टर की हकीकत सामने आने पर पीड़िता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही वीडियो बनाने में इस्तेमाल की गई वर्दी की तलाश कर रही है।

हाफिजगंज निवासी शहजाद अहमद यूट्यूबर है। उसने वर्दी पहनकर लोगों को बताना शुरू कर दिया किया वह कस्टम इंस्पेक्टर है। गांव के लोग भी उसकी बातों पर यकीन करने लगे। इसी दौरान उसने गांव की ही युवती इकरा से निकाह कर लिया। निकाह के बाद आरोपी शहजाद और उसकी मां शहनाज दहेज की मांग करते हुए इकरा का उत्पीड़न करने लगे। इसी बीच शहजाद जब दो माह तक ड्यूटी पर नहीं गया तो इकरा के भाई को शक हुआ। इसी दौरान आरोपी ने दहेज की मांग करते हुए इकरा को तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकाल दिया। तब इकरा ने एसएसपी से मामले की शिकायत की। अधिकारियों के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी शहजाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बारादरी पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि अपने कस्टम इंस्पेक्टर बताने वाले आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी की वर्दी की तलाश की जा रही है। उसे पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया जाएगा।

## छात्र को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**शाहबाद (रामपुर), अमृत विचार:** कॉलेज में एडमिशन कराकर लौट रहे बाइक सवार छात्र को पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी मिलने के बाद मां अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव करैथी निवासी लाल सिंह के 20 वर्षीय बेटा अरविंद ने इस वर्ष इंटर पास किया है। वह अपने दोस्त अबू रेहान के साथ बाइक से बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने राम रतन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज गया था। वहां से वापस आते समय तालिकाबाद गांव के निकट पीछे से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# अथर्व क्लब और मेडिकल एजेंसी क्लब की टीमें जीतीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि सुरेंद्र शर्मा।

**अमृत विचार:** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन खेले गए तीन मैच में अथर्व क्लब बंटी, शैलू वॉरियर्स और मेडिकल एजेंसी क्लब की टीमों ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत दर्ज की।

पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरि स्टेडियम में खेले जा रहे 18वें गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, सुधीश शुक्ला, रामगुलाम पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। सोमवार को पहला मैच आजाद क्लब और अथर्व क्लब के बीच खेला गया, जिसमें आजाद क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन के 37 रनों की मदद से 91 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अथर्व क्लब बंटी के सचिन ने नाबाद 41 और वासु के 20 रनों की मदद से मैच 8 विकेट से जीत लिया। टूर्नामेंट के दूसरे मैच में गोला मेडिकल एजेंसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खिलाड़ी आयुष, वसीम और सूरज की मदद से 117 रन का स्कोर बनाया। जवाब में ज्ञान वाटिका टीम के सुनील ने छक्के लगाकर मैच में मुकाबला लाने की कोशिश की लेकिन वह नाकाफी साबित हुई और मेडिकल एजेंसी 49 रन से विजयी रही। तीसरे मैच में शैलू वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 147 रनों का स्कोर खड़ा किया। इलेवन वॉरियर्स के खिलाड़ी इस स्कोर के चलते मैच की शुरुआत से ही दबाव में दिखे और उनकी टीम का कोई खिलाड़ी टिक कर नहीं खेल पाया, जिससे शैलू वॉरियर्स ने 73 रन से जीत दर्ज की। तीनों मैच में अंपायरिंग शिवम अवस्थी, अनवर अली, संतोष मौर्य ने और लाइव कमेंट्री राजेंद्र निषाद ने की।

टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, मंत्री केके शुक्ला ने तीनों मैच में मैन ऑफ द मैच रहे दिव्य, वसीम और सुरजीत को ज्ञानकोष यूट्यूब की ओर से दिए गए पुरस्कार से नवाजा। स्टेडियम तमाम दर्शकों और खेल प्रेमियों से भरा रहा।

# चेना गांव में भंडारे से लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में गई जान

## नवाबगंज में दोनों दोस्त कर रहे थे बी फार्मा की पढ़ाई, रात भर दोनों शवों को रौंदते रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखन गांव रोड पर ईंट भट्टे के पास सोमवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक से जा रहे दो युवकों कुचल दिया। दोनों युवक चेना से भंडारा खाकर नवाबगंज वापस आ रहे थे। हादसे के बाद तेज रफ्तार वाहन दोनों दोस्तों के शवों को रौंदते रहे, जिससे दोनों शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गए। एक युवक का सिर पूरी तरह कुचल गया, जो नहीं मिला है। घटना की सूचना मिलने पर दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया।

चेना गांव निवासी पुष्पेंद्र (22 वर्ष) और क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव पूरेनिया निवासी सुमित (20) आपस में दोस्त हैं। दोनों नवाबगंज में रहकर बीफार्मा की पढ़ाई कर रहे हैं। चेना गांव में सोमवार को भंडारा था। पुष्पेंद्र के कहने पर सुमित भी भंडरा खाने के लिए चेना चला गया। सोमवार को रात करीब 12 बजे दोनों बाइक से वापस नवाबगंज आ रहे थे। रास्ते में बरखन रोड पर ईंट भट्टा के सामने किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार वाहन दोनों दोस्तों को बुरी तरह से रौंदते हुए निकल गया। हादसे में पुष्पेंद्र का एक हाथ कट गया और पेट कुचल गया। वहीं सुमित का सिर धड़ से लग हो गया। रातभर दोनों के शवों के ऊपर से तेज रफ्तार वाहन गुजरते रहे, जिससे दोनों के शव क्षत-विक्षत हो गए। पुलिस ने सुबह चार बजे के करीब दोनों की शिनाख्त कराई और परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

चेना गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार के पिता खेमकरन लाल कोटेदार हैं। पुष्पेंद्र सबसे छोटा बेटा था। बड़े बेटे सूरज गंगवार व मोहित कुमार सराफा का कारोबार करते हैं। सुमित कुमार की मां उर्मिला देवी और भाई अमित कुमार ने बताया सुमित बीफार्मा का छात्र था। दोनों का शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। खेमकरन लाल बेटे का शव देखकर बेहोश होकर गिर गए। वहीं सुमित की मां उर्मिला देवी भी दहाड़े मारकर गिर गईं। जो भी दोनों को संभालने की कोशिश करता। वह भी रोने लगता।

सुमित और पुष्पेंद्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस वाहन का पता कर रही है। दोनों छात्र थे। -**राहुल सिंह,** थाना प्रभारी नवाबगंज

### दोनों में थी अच्छी दोस्ती

लोगों ने बताया कि पुष्पेंद्र और सुमित अच्छे दोस्त थे। दोनों नवाबगंज स्थित एक निजी कॉलेज से बीफार्मा कर रहे थे। पुष्पेंद्र का मकान नवाबगंज में ही बना है। वह अपने मकान पर रहता था, जबकि सुमित किराये के मकान में रहता था। दोनों का मंगलवार सुबह 10 बजे से पेपर था। हालांकि पुष्पेंद्र के परिजनों ने दोनों को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन दोनों ने कह दिया कि वे लोग रात में पहुंचकर सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई कर लेंगे, इसलिए परिजनों ने भी इजाजत दे दी।

# कॉलेज से लौट रहे बीए के छात्र की सड़क हादसे में मौत

**शाहबाद (रामपुर), अमृत विचार :** कॉलेज में एडमिशन कराकर लौट रहे बाइक सवार छात्र को पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी मिलने के बाद मां अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव करैथी निवासी लाल सिंह के 20 वर्षीय बेटा अरविंद ने इस वर्ष इंटर पास किया है। वह अपने दोस्त अबू रेहान के साथ बाइक से बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने राम रतन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज गया था। वहां से वापस आते समय तालिकाबाद गांव के निकट पीछे से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों लोग सड़क पर गिर गए। उसके बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। बाद में एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां अरविंद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अबू रेहान की हालत गंभीर होने पर उसको अस्पताल में भर्ती कराया। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा है। उसका बड़ा भाई पुलिस में तैनात है।

# बेकाबू डंपर ने दंपती को रौंदा, पत्नी की मौत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** पिछले 24 घंटे में दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक और वृद्धा की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सोमवार रात्रि मां पूर्णागिरि के दर्शन करने जा रहे अकबराबाद, बीसलपुर जिला पीलीभीत हाल निवासी रुद्रपुर अमन गंगवार (21) पुत्र राजीव गंगवार अपने साथी रुद्रपुर निवासी शुभम रस्तोगी (22) पुत्र प्रमोद रस्तोगी के साथ बाइक से मां पूर्णागिरि के दर्शन करने टनकपुर जा रहे थे। वह पहेनिया-कुटरी हाईवे बाईपास से गुजर रहे थे कि हाईवे पर बैठे लावारिस गौवंशीय पशु से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में अमन व शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों की सूचना पर एंबुलेंस 108 ने दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल शुभम का उपचार चल रहा है। पुलिस ने अमन के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और घटना की सूचना परिजनों को दी जो मंगलवार को अस्पताल पहुंचे। अमन घर का इकलौता पुत्र है और रुद्रपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के पिता भी प्राइवेट कंपनी में काम करते है।



अमन गंगवार। देवकी देवी।

इधर मंगलवार को चकरपुर बिचपुरी गांव में तीव्र मोड पर डंपर और स्कूटी की आमने सामने टक्कर में स्कूटी पर सवार अलाविर्दी निवासी मोहन चंद (64) पुत्र धनी चंद और उनकी पत्नी देवकी देवी (58) गंभीर रूप से घायल हो गए। वे स्कूटी से सैलानी गोठ टनकपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर चालक काफी दूर तक स्कूटी सवार दंपती को घसीटता हुआ ले गया। ग्रामीणों ने पुलिस और 108 को सूचना दी। जिससे घायल दंपती को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने देवकी देवी को मृत घोषित कर दिया। वही घायल मोहन चंद को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतका का एक पुत्र सुनील चंद पॉलीप्लेक्स फैक्ट्री बाजपुर में कार्यरत है। वहीं एक पुत्री ईशा का विवाह हो चुका है। घायल मोहन चंद भी पॉलीप्लेक्स फैक्ट्री से सेवानिवृत्त है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

# चलन से बाहर हुए 39 करोड़ के स्टांप में लगाई गई आग

**बरेली, अमृत विचार :** नए वित्तीय वर्ष से चलन से बाहर हो चुके 10 से 25 हजार के 39 करोड़ से अधिक के स्टांप को मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आग लगाकर नष्ट करा दिया गया। विभागीय अधिकारियों के आदेश पर गड्ढा खोदकर स्टांप में उसमें डालकर आग के हवाले कर दिया गया।

दरअसल, यूपी सरकार ने एक अप्रैल 2025 से पुराने स्टांप को चलन से बाहर कर ई-स्टांप की व्यवस्था लागू कर दी है। इसके पीछे सरकार की मंशा है कि ई-स्टांप से व्यवस्था पारदर्शी होगी और गड़बड़ियों पर रोक लगेगी। एक अप्रैल से शासनादेश लागू होने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित कोषगार में 10 हजार के 5 करोड़ 8 लाख के 5080 स्टांप, 15 हजार वाले 8 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये के 5502, 20 हजार के 8 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपये के 4089 स्टांप और 25 हजार वाले 18 करोड़ 30 लाख रुपये के स्टांप रद्दी हो गए थे। लन से बाहर हुए कुल 39 करोड़ 81 लाख रुपये के स्टांप कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में जमा थे। शासन से रद्दी हुए इन स्टांप को नष्ट करने के आदेश दिए गए थे। इसको लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एडीएम सिटी के कार्यालय के पश्चिम में खाली जमीन में कई फिट का गड्ढा खोदा गया। उसमें सभी स्टांप डालकर आग लगाकर नष्ट कर दिया गया। स्टांप नष्ट होने के बाद गड्ढे पर मिट्टी डालकर उसे बराबर कर दिया गया है।

# स्कूल बोर्ड पर उर्दू में लिखा नाम प्रधानाध्यापिका सस्पेंड

**बिजनौर, अमृत विचारः** नजीबाबाद क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय साहनपुर द्वितीय की मुख्य अध्यापिका को स्कूल के द्वार पर उर्दू में नाम लिखवाने पर निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र कुमार ने की है। मामला तब सामने आया जब विद्यालय के गेट पर लगे बोर्ड पर हिंदी के साथ उर्दू में भी स्कूल का नाम लिखा होने की तस्वीर वायरल हुई। जांच के बाद बीएसए ने प्रधानाध्यापिका रफत खान को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित कर बीआरसी कार्यालय, नजीबाबाद से संबद्ध कर दिया। रफत खान ने कहा कि उन्हें अभी तक विभाग की ओर से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। जो तस्वीर वायरल हो रही है, वह पुरानी है और मार्च 2025 में नए शैक्षिक सत्र की तैयारी के दौरान उर्दू में लिखा नाम हटा दिया था।

# अमरोहा में पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने गोली मार की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



- **राम अवतार पत्नी व बेटी के साथ दवा लेने गए थे, घर आए तो बेटे की लाश देख होश उड़े**
- **पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से मारी गोली, दिल्ली में सीए की पढ़ाई कर रहा था अश्वनी**

**अमृत विचारः** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त अश्वनी घर पर अकेला था। बसपा नेता अपनी पत्नी व बेटी के साथ मेरठ दवाई लेने गए थे। पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। रिवाल्वर के अलावा अश्वनी का लैपटॉप और मोबाइल सील कर शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी प्रथम निवासी बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम अवतार सिंह वर्तमान में मुरादाबाद मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी हैं। उनकी बेटी शिवानी और बेटा अश्वनी दिल्ली में रहकर पढ़ाई करते थे। सीए कर रहे अश्वनी का इस साल फाइनल था। फिलहाल दोनों भाई- बहन घर आए थे। राम अवतार सिंह और उनकी पत्नी किरन लता तबीयत खराब होने के चलते सोमवार को दोपहर बेटी शिवानी के साथ दवाई लेने मेरठ गए थे। अश्वनी घर पर अकेला था। रात करीब 10:30 बजे वे घर लौटे तो गेट भीतर से बंद था। दूसरी चाबी का इस्तेमाल करके सभी लोग घर की दूसरी मंजिल पर चले गए।

शिवानी प्रथम तल पर बने कमरे में पहुंची तो अश्वनी का खून से लथपथ शव देख चीख पड़ी। उसके पास राम अवतार की लाइसेंसी रिवाल्वर पड़ी थी। दाईं कनपटी से सटाकर मारी गोली सिर के पार हो गई। बेटी की चीखें सुनकर राम अवतार सिंह और किरन लता भी नीचे आ गए। बेटे का शव देख बदहवास हो गए। सूचना मिलते ही सीओ सिटी शक्ति सिंह, इंस्पेक्टर पंकज तोमर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। एएसपी एके भदौरिया ने भी मुआयना किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने रिवाल्वर, अश्विनी का मोबाइल फोन और लैपटॉप कब्जे में ले लिया। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चाइनीज मांझा बना जानलेवा, दो घायल

मुरादाबाद कार्यालय

- **रामपुर रोड पर बाइक सवारों के गले व चेहरा घायल**
- **प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम हो रही बिक्री**

**अमृत विचारः** प्रतिबंध के बावजूद महानगर में जानलेवा चाइनीज मांझा खुलेआम बिक रहा है, जिससे जनमानस असुरक्षित है। ताजा मामला रामपुर रोड का है, जहां चाइनीज मांझे की चपेट में आकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

करूला जयंतीपुर निवासी मोहम्मद वामिस और बुद्धि विहार बैंक कॉलोनी निवासी अमित मंगलवार को बाइकों से रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास से गुजर रहे थे, तभी अचानक हवा में लटकता चाइनीज मांझा उनके गले और चेहरे से टकरा गया। मांझे की धार इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसमें अमित का चेहरा और हाथ बुरी तरह घायल हो गया। घायलों के साथ मौजूद मजहर अली ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रतिबंध के बावजूद यह जानलेवा धागा महानगर में धड़ल्ले से बेचा और इस्तेमाल किया जा रहा है। हम लोग बाइक से जा रहे थे, अचानक चाइनीज मांझा गले में आकर फंस गया। गनीमत है कि हमने समय रहते बाइक रोकी, वरना हादसा और भी बड़ा हो सकता था। मजहर अली ने बताया कि घायल वामिस और अमित को तुरंत ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया गया।



घायल अमित।

# किशोर को शादी में देख बाल गृह के फादर ने बुलाई पुलिस

मुरादबाद कार्यालय

- **बाल गृह से भागे दो किशोर में से एक मिला, दूसरे की तलाश**

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोरा की मुस्तकम के बाल गृह से भागे दो किशोर में से एक मंगलवार को मिल गया। उसे पुलिस ने कांठ से पकड़ लिया है। किशोर भागकर अपने चाचा के घर पहुंचा था, लेकिन चाचा ने घर से निकाल दिया। बराबर में शादी कार्यक्रम में वह खाना खाने के लिए घुसा तो बाल गृह के फादर ने देख लिया। पुलिस को बुलाकर उसे हिरासत में कराया।

बीते दिनों एनजीओ के सचिव जयशंकर शर्मा कीर्ति शिक्षण संस्थान में लावारिस बच्चों को रखते हैं। इस बाल गृह में दिल्ली के मंगोलपुरी सुलतानपुरी निवासी 12 साल का बच्चा 18 मई को लाया गया था। वहीं अमरोहा जिले के हसनपुर निवासी 12 वर्षीय किशोर 24 अप्रैल से रह रहा था। दो दिन पूर्व सुबह सात बजे यह दोनों छत के गेट पर लगा ताला तोड़कर लगे कटीले तारों को पार करके बराबर में निर्माणधीन मकान से होते हुए भाग गए थे। पुलिस ने सचिव जयशंकर के शिकायती पत्र पर केयर टेकर रविंद्र, हाउस फादर कौशल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उधर, मामले की गंभीरता को लेते हुए दोनों की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगा दी गई। अमरोहा जिले का किशोर कांठ में अपने चाचा के घर पहुंचा, लेकिन चाचा ने उसे भगा दिया। उधर, किशोर बराबर में चल रहे शादी कार्यक्रम में खाना खाने घुस गया। वहां बाल गृह के हाउस फादर कौशल मौजूद थे। उन्होंने किशोर को देख 112 पुलिस बुला ली। पुलिस ने किशोर को हिरासत में लिया।

# उदासीनता : प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सके जूनियर बॉक्सर

बरेली कार्यालय

- **झांसी में 3 जून से शुरू हुई चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता**
- **मंडल से चुने गए थे 4 खिलाड़ी, कोच नहीं होने का हवाला देकर नहीं भेजी गई टीम**

**अमृत विचार :** खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारें चाहे जितने प्रयास कर लें, पैसा खर्च कर दें, लेकिन महकमे के अधिकारी और खेल संघ के पदाधिकारी अपनी मानसिकता में बदलाव नहीं ला पा रहे हैं। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग (अंडर 17) प्रतियोगिता 3 से 6 जून के बीच झांसी में आयोजित हो रही है, लेकिन कोच नहीं होने का हवाला देकर बरेली मंडल की टीम को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ही नहीं भेजा गया। आरएसओ ने दो मंडलों की व्यस्तता का हवाला देकर टीम के न जाने की जानकारी होने से ही इनकार कर दिया।

प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग (अंडर 17) प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए चार खिलाड़ियों का चयन किया गया था। इनमें अनमोल, जयवर्धन, अरिहंत और मानव आर्य 30 मई को ट्रायल के जरिये चयनित हुए थे। खेल विभाग ने बदायूं के कोच की टीम लेकर जाने की ड्यूटी लगाई थी। आरोप है कि बदायूं के कोच ने सोमवार को विभाग को अपनी पारिवारिक परेशानी का हवाला देकर टीम को लेकर जाने में असमर्थता जता दी। विभाग इसके बाद किसी अन्य कोच या टीम मैनेजर का इंतजाम खिलाड़ियों के साथ जाने के लिए नहीं कर सका। यही नहीं जिला बॉक्सिंग संघ के सदस्यों ने ही टीम भेजने में कोई रुचि दिखाई। खेल विभाग और बॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों की उदासीनता से निराश खिलाड़ियों का कहना है झांसी नहीं जाने से प्रदेश स्तर पर खेलने का मौका हाथ से निकल गया है।

आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया वे इस समय मुरादाबाद में हैं। इस बात की जानकारी नहीं है कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में नहीं पहुंच सके। हालांकि कोच द्वारा सूचित किया गया कि वे नहीं जा सकते हैं। स्टाफ की कमी के चलते खिलाड़ियों के परिवार में से किसी को साथ जाने को कहेंगे, इसके बाद कोई सूचना नहीं मिली। वहीं जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव आर्यन चौधरी ने बताया इस प्रतियोगिता में विभाग के कोच के बजाय बॉक्सिंग संघ से जुड़े किसी सीनियर खिलाड़ी को टीम के साथ भेजने का प्रस्ताव दिया था, जिसे पहले ही मना कर दिया गया। वहीं प्रदेश स्तरीय बालक-बालिका प्रतियोगिता में से एक प्रतियोगिता का आयोजन झांसी के बजाय जिले में प्रस्तावित थी, जिसे विभाग मना कर चुका है। ये बॉक्सिंग के प्रति विभाग की उदासीनता है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., General Manager (Electrical Zone-4) & (North West Zone) Bareilly invites online Item Rate/ percentage rate bids in two bid system for-
**1.** NIT No.-148/U.I/EU-KNP/E-TENDER/RNN/2025-26 Dated-31.05.2025, e-tender S.I.T.C. of External Electrification, Solar Power Back up & Solar Water Heater System work at Gorakhgiri Parwat Mahoba, Uttar Pradesh.
**2.** NIT No.-293/201-B/GM(B)/RNN/2025 Dated-31.05.2025, e-tender Construction of Cyber Crime Thana Distt. Bijnor. Last date of submission of offers upto 02:30 P.M. on Dated- 10.06.2025, (Sl No.-1), upto 2:00 P.M. on Dated - 16.06.2025, (Sl No.-2); all other details on:- website; **www.etender.up.nic.in** and **www.uprnn.upsdc.gov.in**.

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., सेमीखेड़ा, बरेली**

पत्रांक : 180/ची.बि./2025-26 दिनांक : 03.06.2025

**ई-ऑक्शन सूचना**

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2023-24 में 2662 कु. तथा 2024-25 में उत्पादित 2500 कु. ब्राउन शुगर (50 किग्रा.पी.पी.बैग) की बिक्री जहाँ है, जैसी है, वजन के आधार पर औद्योगिक ईकाईयों/उपभोक्ताओं हेतु ई-ऑक्शन प्रक्रिया दिनांक 04.06.2025 को प्रारम्भ होगी। ऑक्शन के साथ धरोहर धनराशि क्रमशः रू. 66550.00 तथा 62500.00 एवं निविदा फार्म मूल्य रू. 590.00 देय होगा। अन्य विवरण उक्त ई-ऑक्शन वेबसाईट www.eauction.gov.in पर देखा जा सकता है।

**प्रधान प्रबन्धक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-चोरहा विकास खण्ड लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-2026

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चोरहा में वर्ष 2025-2026 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में कार्य कराए जाने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बंद निविदा दिनांक 02.06.2025 से 10.06..2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय चोरहा में दिनांक10.06.2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव की मौजूदगी में खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | काम का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | नौगवां मे शिवशंकर लाल के मकान से राकेश के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 483395.00 |
| 2. | बहेरवा में राममूर्ति के मकान से इंटरलॉकिंग तक नाला व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 964553.00 |
| 3. | सालिकराम के मकान से हीरालाल के मकान से होते हुए इंटरलॉकिंग रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 762179.00 |
| 4. | अमकोटवा में जगदीश के मकान से सियाराम के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 694193.00 |

**नोट : अनुमन्य जीएसटी अलग से देय होगा**
निविदा फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत भवन/ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान** **श्रीमती रेशमा देवी** — **सचिव** **श्री प्रेम प्रकाश भार्गव** — **तक. सहा.** **श्री सुभेंद्र सिंह**

कार्यालय जिलाधिकारी, खीरी।
(खनन अनुभाग)

संख्याः- 2146 /खनन /ड्रेजिंग/2025-26 दिनांक 02.06.2025

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद खीरी में जनपद खीरी में शारदा नदी पर स्थित रेलवे पुल नं0-97 के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में बाढ़ एवं कटान से सुरक्षा हेतु ड्रेजिंग एवं चैनलाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के अन्तर्गत निकाले गये ड्रेज्ड मैटेरियल (मिट्टी/साधारण बालू) को निस्तारित किये जाने हेतु शासनादेश सं0 86-01099/51/2023 दिनांक 19-03-2024 में दिये गये निर्देशानुसार ई-टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से सा0 बालू हटाये जाने हेतु निम्नवत उपलब्ध घोषित किया जाता है एवं उपरोक्तानुसार दिनांक 04.06.2025 से 10.06.2025 सायं 5.00 बजे तक क्षेत्र से भण्डारित बालू उठान हेतु www.etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से अति अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपलब्ध ड्रेज्ड मैटेरियल साधारण बालू/मिट्टी का विवरण -

| क्र0 सं0 | तहसील | लाट सं0 | खनिज का नाम | नदी का नाम | एकत्रित बालू की मात्रा (घनमीटर में) | भण्डारित स्थल का अक्षाश एवं देशान्तर: अक्षांश | देशान्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 1 | पलिया | 1 | साधारण बालू | शारदा | 2065 | 28.381473 | 80.54982 |
| 2 | पलिया | 2 | साधारण बालू | शारदा | 20350 | 28.381468 | 80.549836 |
| 3 | पलिया | 3 | साधारण बालू | शारदा | 20350 | 28.381468 | 80.549836 |
| 4 | पलिया | 4 | साधारण बालू | शारदा | 15000 | 28.38132 | 80.550238 |
| 5 | पलिया | 5 | साधारण बालू | शारदा | 32020 | 28.380695 | 80.551502 |
| 6 | पलिया | 6 | साधारण बालू | शारदा | 15936 | 28.379922 | 80.553847 |
| 7 | पलिया | 7 | साधारण बालू | शारदा | 7480 | 28.379521 | 80.554365 |
| 8 | पलिया | 8 | साधारण बालू | शारदा | 10000 | 80.381025 | 80.551869 |
| 9 | पलिया | 9 | साधारण बालू | शारदा | 8652 | 28.382003 | 80.553562 |
| 10 | पलिया | 10 | साधारण बालू | शारदा | 2820 | 28.382003 | 80.553562 |
| 11 | पलिया | 11 | साधारण बालू | शारदा | 8625 | 28.385571 | 80.55226 |
| 12 | पलिया | 12 | साधारण बालू | शारदा | 33600 | 28.384825 | 80.553378 |
| | | | | योग | 1,76,898 | | |

ई-निविदा की नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 234555 **दिनांकः** 03/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(दुर्गा शक्ति नागपाल)
जिलाधिकारी,खीरी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भीकमपुर विकास खण्ड मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **भीकमपुर** में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्ता आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर /मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 12/06/25 को दिन के 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 12/06/25 को दिन के 01:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नौहारा हसनपुर विकास खण्ड मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **नौहारा हसनपुर** में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्ता आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर /मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 11/06/25 को दिन के 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 11/06/25 को दिन के 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान-पुष्पलता वर्मा** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझगवां विकास खण्ड मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **मझगवां** में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्ता आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर /मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 11/06/25 को दिन के 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 11/06/25 को दिन के 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान-बबली देवी** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेहटा बुजुर्ग विकास खण्ड मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **बेहटा बुजुर्ग** में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्ता आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर /मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 12/06/25 को दिन के 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 12/06/25 को दिन के 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान-जैबुननिशा** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डरिया खुर्द विकास खण्ड मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को स चूति किया जाता है कि ग्राम पंचायत **कुण्डरिया खुर्द** में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्ता आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर /मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 12/06/25 को दिन के 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 12/06/25 को दिन के 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान-निशा देवी** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

## एक नजर

### दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार पर परिवहन कर्मी होंगे दंडित

अमृत विचार, लखनऊ : दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार करने वाले परिवहन निगम कर्मी दंडित होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों का विस्तृत रिकॉर्ड बनाने व चालक-परिचालकों को संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाय। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए।

# सभी जिलों में सीटी स्कैन होगा निःशुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई जिलों में सीटी स्कैन के लिए जमा कराए जा रहे थे 500 रुपये
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर मरीजों को दी गई राहत
- 12 मेडिकल संस्थानों में 464.70 लाख से बढ़ेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जिलों में अब निःशुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लागू हुई इस सुविधा से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

दरअसल, सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी निःशुल्क हो रहा है, लेकिन छह जिलों में सीटी स्कैन जांच के एवज में मरीजों से 500 रुपये शुल्क जमा कराया जा रहा था। लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन जांच के लिए रोगी कल्याण निधि में बतौर यूजर चार्जेज 500 रुपये जमा कराए जा रहे थे। ब्रजेश पाठक की पहल पर यह शुल्क माफ कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज व बदायूं और कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस क्रम में अवमुक्त धनराशि में से प्रति मेडिकल कॉलेज को 33.5 लाख तथा जेके कैंसर संस्थान को 31 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इससे मेडिकल कॉलेज व संस्थान आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# 47 जिलों में मोटे अनाज की खेती को आगे आई सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 24 जिलों में ज्वार, 38 में बाजरा, 13 में कोदो व 12 में सावां की खेती की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज/श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की गई है।

यह योजना वर्ष 2025-26 की राज्य कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में इसकी पूरी योजना तैयार कर ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है। जिससे एक ओर किसानों की आमदनी में इजाफा हो और दूसरी ओर लोगों को पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध कराया जा सके। इसमें ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे परंपरागत और स्वास्थ्यवर्धक अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**इन जिलों में ज्वार की फसल से बढ़ेगी आमदनी :** अयोध्या, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, महोबा, रायबरेली, प्रयागराज, अमेठी, सोनभद्र, सीतापुर, हरदोई, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी।

**इन जिलों में बाजरे से होगा मोटा मुनाफा :** आगरा, बदायूं, अलीगढ़, फिरोजाबाद, सम्भल, हाथरस, एटा, मथुरा, कासगंज, इटावा, औरैया, प्रयागराज, कानपुरदेहात, मैनपुरी, गाजीपुर, बरेली, जालौन, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, भदोही, फतेहपुर, वाराणसी, फर्रुखाबाद, जौनपुर, चन्दौली, बांदा, कन्नौज, शाहजहांपुर, हरदोई, अमरोहा, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, कानपुरनगर एवं सीतापुर।

**इन जिलों में सावां के जरिए बढ़ेगी कमाई :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, भदोही, वाराणसी, चन्दौली एवं हमीरपुर।

**इन जिलों में कोदो की फसल से बदलेगी किसानों की तकदीर :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद, चन्दौली, भदोही, प्रतापगढ़, जौनपुर, हरदोई, वाराणसी, मुरादाबाद एवं हमीरपुर।

# सरकारी राशन बांटने को बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

## यूपी कैबिनेट का फैसला : हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 भवन बनाए जाएंगे, सरकारी खजाने से होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा भवन योजना शुरू करने जा रही है। हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों के निर्माण को गति देने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में सरकारी खजाने से भी इनका निर्माण कराने का फैसला लिया गया है। यह भवन ग्राम समाज की आय का साधन भी बनेंगे। यहां राशन के अलावा अन्य सामान की भी बिक्री हो सकेगी।

इस बाबत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुंदेलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केंद्र सरकार की योजना से अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग बचत से धनराशि की व्यवस्था करेगा।सुरेश खन्ना के अनुसार, 484 वर्ग फुट में इसे बनाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण 8.50 लाख रुपये में कराया जा रहा है।

**5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति :** कैबिनेट ने उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रालि., बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रालि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपये, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

**नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत :** हल्दीराम स्नैक्स प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये से खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में इस संदर्भ में एलओसी (लेटर आफ कंफर्ट) जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

**दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति :** राज्य में डाटा सेंटर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के अंतर्गत निवेशक मेसर्स एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रालि. को दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति का लाभ प्रदान किए जाने के संबंध में कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

### विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी

अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए लेटर आफ परमिशन (एलओपी) जारी किया गया है। वहीं, गाजियाबाद स्थित अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कालेज को निजी विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा गया है। इसके अलावा, सिद्धार्थनगर जिले में स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के भवन निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है।

# लखनऊ में बनेगी देश की पहली स्वदेशी फैब लाइन

- परियोजना पर खर्च होंगे 2000 करोड़ रुपये
- आईआरडीई देहरादून और यूपीडा के बीच हुआ एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



समझौता ज्ञापन दिखाते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अधिकारी।

**अमृत विचार :** राजधानी में आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए देश की पहली स्वदेशी फैब-लाइन स्थापित होगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में इसका निर्माण होगा। इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 650 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई) देहरादून और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

एमओयू के तहत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधीन एक अग्रणी प्रयोगशाला आईआरडीई, आईआर डिटेक्टरों के विकास और निर्माण के लिए फैब-लाइन की स्थापना होगी। इस अवसर पर आईआरडीई के निदेशक डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुधीर खरे, डॉ. निमिष दीक्षित, अजय मिश्रा, डॉ. प्रभात शर्मा, एसएन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

आईआरडीई के अधिकारियों ने डिफेंस नोड पर प्रस्तावित साइट का भ्रमण भी किया।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

## प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में योगी ने कार्यकर्ताओं को समझाई रणनीति




लखनऊ में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से मंगलवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनजागरण की रणनीति समझाई और बूथ स्तर तक संवाद करने का मंत्र दिया। कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में देश को मोदी जैसा नेतृत्व मिलना हम सबका सौभाग्य है।

'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष' थीम पर हुई इस कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई। मुख्यमंत्री योगी ने 9 जून से 21 जून तक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। योगी ने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित करने का समय है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां शामिल होंगी। योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं से यूपी में आए व्यापक बदलावों और विकास की विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, दोनों उपमुख्मंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, बसंत त्यागी, भूषण सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल समेत भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पेशेवर समूहों को जोड़ें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहें, बल्कि आम जन, पेशेवर समूहों, और लाभार्थियों को भी अभियान से जोड़ें।

# बिहार में नाबालिग के साथ दुष्कर्म व हत्या चिंतनीय



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में अनुसूचित वर्ग के नाबालिग के साथ दुष्कर्म, चाकू से गोदकर मारने व पटना अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मौत की घटना बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। यह अति निंदनीय व चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि बिहार सरकार दोषियों के खिलाफ त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# पांच डॉक्टर होंगे बर्खास्त, कई अन्य पर भी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव को बछरावां में तैनात चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मरीजों के प्रति असंवेदनशील और कार्य में लापरवाह पांच चिकित्सक बर्खास्त होंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। मरीजों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। ब्रजेश पाठक के मुताबिक, बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अपर निदेशक, लखनऊ मंडल के निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरावां से बलिया में स्थानांतरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी, लेकिन डॉ. बृजेश यादव ने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। ऐसे में दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद डॉ. बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय, जबकि डॉ. संदीप कुमार को आजमगढ़ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

### लखनऊ के चिकित्सकों पर भी कार्रवाई

लखनऊ के लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. ऊषा चन्द्रा बिना सूचना गैरहाजिर हैं। उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश हैं। बलरामपुर स्थित मेमोरियल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन के विरुद्ध भी चिकित्सालय की साफ-सफाई न रखने, मरीजों के चिकित्सकीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के लिए आरोप-पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं।

# श्रमिकों को मिलेगा डिजिटल न्याय, जल्द शुरू होगा ई-कोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार सिर्फ निवेश ही नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान का राष्ट्रीय मानक गढ़ने के लिए औद्योगिक विवादों के समाधान में डिजिटल तकनीक अपनाने की तैयारी है। श्रम न्यायालयों और अधिकरणों के निर्णयों का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित बनाने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं होगा और निरीक्षण के 48 घंटे में रिपोर्ट सार्वजनिक करनी होगी।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रम विवादों के समाधान को आसान बनाएगा। जल्द ही ई-कोर्ट के जरिए केस फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की सुविधा शुरू होगी। इससे धन व समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी आएगी। इससे आनुतोषिक भुगतान, कर्मचारी प्रतिकर, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, और श्रमजीवी पत्रकारों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा।


## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।




### वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | भे | ला |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**वृष:** आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।

**मिथुन:** आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क:** आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह:** आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।

**कन्या:** आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।

**तुला:** आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।


**धनु:** आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुन: प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर:** आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ:** आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।

**मीन:** आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।

## सुडोकू -175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू - 174 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए, मूल्य



• अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

### पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में



• मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो, एजेंसी**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्सबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास



• नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

# भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिसे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिरकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों



• विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित

• अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के बावजूद भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया



• सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार विदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो... 'नरेंदर सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

# भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**चंडीगढ़, एजेंसी**

• पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएंगे। पिछले दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन थे और राजनीति में भी वे कॉमेडी करना चाहते हैं।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

# पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

# पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से

• संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

# प. बंगाल: बजरंग दल के तीन कार्यकर्ता फिर पुलिस रिमांड पर

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के माटीगाड़ा थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस से लदे वाहन में आग लगाने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) से संबद्ध बजरंग दल के तीन कार्यकर्ता एक बार फिर से पुलिस रिमांड पर भेजे गए हैं। आरोपियों में कृष्णा साह (25), अमित कुमार गुप्ता (35) और मिथलेश उर्फ योगेश गौहर (29) शामिल हैं। इन तीनों कार्यकर्ताओं को माटीगाड़ा पुलिस ने पहले की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से पुनः पांच दिनों की रिमांड की मांग की जबकि विहिप के लीगल सेल ने जमानत याचिका दाखिल की। सुनवाई के बाद अदालत ने तीन दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर दी। मामला माटीगाड़ा थाना कांड संख्या 350, दिनांक 30 मई 2025 के अंतर्गत दर्ज है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की कई गंभीर धाराएं और बीओएफ अधिनियम व राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का भाग न लेना एक और कूटनीतिक विफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाएं, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।





**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

**उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 657 रन |
| 4. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 5. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |

**सर्वाधिक विकेट**

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 22 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 5. अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 21 विकेट |

# 18 साल बाद आरसीबी को मिला खिताब

## पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल के चैंपियन बने रॉयल चैलेंजर्स, मैदान पर ही भावुक हुए कोहली

अहमदाबाद, एजेंसी

शशांक सिंह की तीन चौके और छह छक्कों की मदद से खेली गई (नाबाद 61) रनों की साहसिक पारी बेकार रही, पंजाब को छह रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। पहली पारी में विराट कोहली (43), कप्तान रजत पाटीदार (26), जितेश शर्मा (24), मयंक अग्रवाल (24) और लियम लिविंगस्टन (25) रनों की पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नौ विकेट पर 190 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके बाद क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार (2-2 विकेट) के नेतृत्व में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बेंगलुरु ने आईपीएल के फाइनल में पंजाब को रोमांचक मुकाबले में 6 रनों से हराया।





मैच में जीत तय होते ही विराट कोहली मैदान पर ही भावुक हो गए। 191 रनों की चुनौती को पार करने उतरी पंजाब के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जॉश हेलवुड ने प्रियांश आर्य 19 गेंदों में (24) रन का बांउड्री पर फिल साल्ट ने मैच का कैच पकड़ कर बेंगुलरु को पहली सफलता दिलाई। नौवें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने प्रभसिमरन सिंह (26) को आउटकर पंजाब को दूसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान श्रेयस अय्यर (1) को रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर विकेटकीपर जितेश ने लपका। क्रुणाल ने 13वें ओवर में जॉश इंग्लिस को आउटकर पंजाब को बड़ा झटका दिया।

इंग्लिस ने 23 गेंदों में 39 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर भुवनेश्वर कुमार ने नेहाल बढेरा (15) और इसी ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (6) को आउट किया। 18वें ओवर में यश दयाल ने अजमतउल्लाह ओमरजई (1) को आउट कर बेंगलुरु को सातवीं सफलता दिलाई।

पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी और छह रन से खिताबी मुकाबला हार गई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल ने दो- दो विकेट लिए। जॉश इंग्लिस, यश दयाल और रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (16) का विकेट गवां दिया।

**कोहली ने धवन का तोड़ा रिकॉर्ड**

आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने पंजाब के खिलाफ फाइनल मैच में कुल तीन चौके लगाए। अब कोहली के नाम पर 771 चौके दर्ज हो गए हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दम पर शिखर धवन को पछाड़ते हुए उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

**190/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| विराट कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

**पंजाब किंग्स**

**184/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन सिंह का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश इंगलिस का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| मार्कस स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| अजमतुल्लाह उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

## खेल डायरी

### बेंगलुरु में 5 जुलाई से नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**बेंगलुरु।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को आयोजित होगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को होनी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूजीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियमसन का नाम शामिल नहीं है। उनके अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी इस सूची में नहीं है।

### इंग्लैंड-वेस्टइंडीज क्रिकेट मैच में ट्रैफिक जाम के कारण विलंब

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरुआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिए समय पर पहुंच गए, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाइ होप ने कहा कि हमें पैदल चलकर आना चाहिए था। ब्रिटेन की पीए समाचार एजेंसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का होटल ओवल से पांच किलोमीटर दूर था। टॉस 40 मिनट विलंब से हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

### ऑस्ट्रेलिया अगले साल कर सकता है पाकिस्तान का दौरा

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने अगले साल सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है। ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है। जब भी विंडो उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल और सफेद गेंद की श्रृंखला का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा कि 2022 में और फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि ज्यादा दौरे आयोजित किए जाएं।

### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल नहीं खेल पाऊंगा।

# थाईलैंड के खिलाफ गत दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

पथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी

भारत बुधवार को जब अंतर्राष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें गत दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार भिड़ चुकी हैं। भारत ने 7 जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी 7 ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद उसने थाईलैंड को उसकी धरती पर किंग्स कप में 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था।



# एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर गुकेश

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

- **गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला**

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था।

इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

# सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट**

- **लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर**





जकार्ता, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

# भारत की वजह से क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में हुई वापसी

अहमदाबाद, एजेंसी

- **ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा**

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से। सुनक ने आईपीएल से आए बदलावों पर कहा, आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। महिला क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा



लड़कियां खेल रही हैं। उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर पर जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था।

# सालुंखे से तीसरे चरण में उम्मीदें बढ़ीं

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

**तीरंदाजी विश्व कप**



पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया, जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी। उनके लिए सबसे अलग चीज सिर्फ उनकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ उनका स्वभाव और परिपक्वता थी जिन्हें लंबे समय से इस खेल में भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सालुंखे ने कहा, मेरा ध्यान सिर्फ पदक पर नहीं था बल्कि इस बात पर अधिक था कि मैंने जिसके लिए अभ्यास किया था, क्या मैं वह कर सकता हूं।

# बुब्लिक के बेहतर प्रदर्शन से ड्रेपर हारे

पेरिस, एजेंसी

कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा।



मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी से मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा।

### सेमीफाइनल में स्वियातेक व सबालेंका होंगी आमने-सामने


इगा स्वियातेक


एरिना सबालेंका

**पेरिस।** चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया। रोलां गैरो पर सबसे ज्यादा 29 जीत का रिकॉर्ड क्रिस एवर्ट के नाम है। सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा अध्यक्ष

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- **रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया**
- **167 वोट मिले, आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने**



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा शिमड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए शिमड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है। सितंबर में 80वें सत्र की शुरुआत में बेयरबॉक कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग की जगह लेंगी। वह सितंबर के अंत में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करेंगी। महासभा में अध्यक्ष पद के लिए प्रति वर्ष चुनाव होते हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद बेयरबॉक ने अपने भाषण में कहा कि उनके अध्यक्ष पद का विषय बेटर टुगेदर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया इस चुनौतीपूर्ण समय में अनिश्चितता की राह पर है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि बेयरबॉक ऐसे समय में अध्यक्ष का पद संभालेंगी, जब विश्व न केवल संघर्षों, जलवायु आपदा, गरीबी और असमानता'' का, बल्कि विभाजन और अविश्वास का भी सामना कर रहा है।



# एआई से बना रहे डीपफेक

**24** घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो

**96%** गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी समाज के लिए खतरा

एआई से डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। डीपफेक वीडियो में किसी विश्व नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

### भारत में चर्चित मामले

**प्रधानमंत्री मोदी:** एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें प्रधानमंत्री जैसा दिखने वाला व्यक्ति गरबा करते हुए दिखाई दिया था। तब मोदी ने कहा था कि डीपफेक अराजकता पैदा कर सकते हैं, नागरिकों व मीडिया से सतर्क रहने को कहा था।

**प्रियंका चोपड़ा:** दिसंबर 2023 में एक वीडियो में एक ब्रांड का प्रचार करते और अपनी वार्षिक आय का खुलासा करते हुए देखा गया। वीडियो में प्रियंका का चेहरा नहीं बदला गया था। उनकी आवाज व मूल वीडियो की लाइन के ऑडियो को नकली ब्रांड विज्ञापन से बदल दिया गया था।

### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने 14 मई को संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और खतरनाक हैं। कहा कि उन्होंने गूगल सर्च के जरिए वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में डीपफेक तस्वीर बना ली।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। प्लेटफॉर्म यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर अन्य प्लेटफॉर्म को सूचना देनी होगी।

## एक नजर

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पोलैंड के पीएम बोले- 11 को विश्वास मत करेंगे साबित

**वारसॉ।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है।

### तुर्किये के भूमध्यसागर तट पर 5.8 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** तुर्किये में भूमध्यसागर से सटे तटीय शहर मारमारिस में सोमवार देर रात 5 .8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण घबराकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर भागने की कोशिश करने लगे जिससे कम से कम सात लोग घायल हो गए। तुर्किये की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी डिजास्टर एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट प्रेसीडेंसी' ने कहा कि भूकंप का केंद्र भूमध्य सागर में था और यह देर रात दो बजकर 17 मिनट पर आया।

### द. कोरिया राष्ट्रपति चुनाव में ली की जीत का अनुमान

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति चुनाव पर जारी एग्जिट पोल में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्यांग की जीत का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया के तीन प्रमुख टीवी चैनलों केबीएस, एमबीसी और एसबीएस द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ली को 51 .7 फीसदी मत और कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार किम मून सू को 39 .3 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया में मंगलवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हुआ।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।



असम में बाढ़ के कारण राजमार्गों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।

### अरुणाचल: जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, एक जून को भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से 38 वर्षीय भावेन मुर्मू की मौत हो गई, जबकि इस घटना में जीआरईएफ के तीन कर्मचारी घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- **सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत**

**ब्रासीलिया, एजेंसी**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकवादियों को पनाह क्यों देता है, आखिर (आतंकवादी) वे (पाकिस्तान में) सुकून से रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों और कलाश्निकोव (राइफल) का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं? पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। थरूर ने कहा, आप आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर नकेल कसें जो आपके देश में हर जगह दिखाई देता है।



मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। मिस्र में भारतीय दूतावास ने कहा कि बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अरब लीग के साथ भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा की। इसमें कहा गया, आतंकवाद का मुकाबला करना अरब लीग और भारत दोनों के लिए प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

## पाकिस्तान: हिंदू व्यक्ति की पिटाई के मामले में मीडिया उद्यमी गिरफ्तार

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में मामूली सड़क दुर्घटना के बाद अपने अंगरक्षकों के साथ मिलकर एक हिंदू व्यक्ति की पिटाई करने के आरोप में मीडिया क्षेत्र के एक उद्यमी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक हिंदू व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी आक्रोश फैल गया।

इसके बाद आरोपी सलमान फारूक और उसके साथियों को सोमवार देर रात कराची में गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक यह घटना रविवार को डिफेंस सोसाइटी इत्तेहाद इलाके में हुई। सुधीर धुन राज ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली अपनी बहन कल्पना को लेने आया था और इसके बाद वह अपनी सबसे छोटी बहन को लेने जा रहा था, तभी उसकी मोटरसाइकिल फारूक की कार से टकरा गई।

# यूक्रेन में रॉकेट हमले में तीन की मौत रूस में कीव ने पुल किया क्षतिग्रस्त

- **यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की**

**कीव, एजेंसी**



रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने रूस के अंदर फिर से हमला किया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई।

जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

## भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

# राहत वितरण केंद्र जा रहे 27 की इजराइली सेना ने की हत्या

**यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी**

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी। गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एकदिन पूर्व इजराइली सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है।



गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए।

## सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी**

- **ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप**

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोड़ूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

## पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना की बर्थडे पर गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

**सम्मेलन** — अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।



वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा, लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक